
MARUTi
nandan printers
8 COLOUR
WEB OFFSET
MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go
THE
PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT
860x
Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

# जापानी नागरिक से हुई लूटपाट, पुलिस ने सुलझाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** समयपुर बादली थाना क्षेत्र में एक जापानी नागरिक से हुई लूटपाट की वारदात को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए, दो आरोपितों को पकड़ा है। इनमें से एक आरोपित नाबालिग है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर पीड़ित का कैमरा, मोबाइल व पर्स समेत अन्य सारा सामान बरामद कर लिया है। पीड़ित गुरुग्राम स्थित जापान की एक लॉजिस्टिक सेवा कंपनी में काम करते हैं। बाहरी-उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि बीते शनिवार दोपहर 2:24 बजे पुलिस को सिरसपुर रेलवे फाटक के पास एक जापानी नागरिक के साथ मारपीट कर उनसे हुई लूटपाट की जानकारी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस को पीड़ित जापानी नागरिक ने बताया कि वह डीएलएफ गुरुग्राम हरियाणा में रहते हैं।



वह मूलरूप से जापान के टोक्यो का रहने वाले हैं। वह गुरुग्राम में एक जापानी कंपनी में काम करते हैं। शनिवार की सुबह 7:15 बजे वह पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन से पठानकोट एक्सप्रेस से पानीपत गए थे। जहां कुछ दूर तक घूमते हुए, अपने कैमरे से कई फोटो लिए। इसके बाद वह खेड़ा कलां रेलवे स्टेशन के लिए ट्रेन में सवार हुए। शनिवार की दोपहर करीब एक बजे वह खेड़ा कलां रेलवे स्टेशन पर उतरे। यहां से फोटो खींचते हुए, पैदल ही बादली रेलवे स्टेशन की ओर बढ़ने लगे।

**सफलता**

**8 4 घंटे के भीतर सुलझाते हुए, दो आरोपितों को पकड़ा है। इनमें से एक आरोपित नाबालिग है**

इस दौरान जैसे ही वह सिरसपुर रेलवे फाटक पर पहुंचे, पीछे से आए दो बदमाशों ने उनपर हमला कर दिया। कुछ समझ पाते, मौका देख दोनों ने उनका कैमरा, दो मोबाइल फोन और पर्स छीनकर फरार हो गए। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया।

**24 घंटे के अंदर दोनों आरोपित पकड़े गए:** विदेशी नागरिक से लूटपाट के मामले को गंभीरता से लेते हुए, तुरंत समयपुर बादली थान एसएचओ संजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। जांच के दौरान पुलिस को सिरसपुर रेलवे फाटक के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर कुछ संदिग्ध भागते हुए दिखे। पुलिस ने बदमाशों के भागने के दिशा में एक के बाद एक कैमरों की जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज स्थानीय लोगों को भी दिखाए। इस दौरान लोगों ने दोनों बदमाशों में से एक की पहचान सिरसपुर गोल चक्कर निवासी राहुल के रूप में कर ली।

आरोपित की पहतान होते ही पुलिस ने राहुल के संभावित ठिकानों पर छापेमारी के बाद पकड़ लिया। इसकी निशानदेही पर वारदात के समय इसके साथ मौजूद एक नाबालिग को भी पुलिस ने पकड़ लिया। इनके कब्जे से लूट का सारा सामान पुलिस ने बरामद कर लिया।

# 10 हजार रुपये नहीं दिए तो दो युवकों को पहले अगवा किया फिर की पिटाई

**सूचना**

**8 मारपीट के दौरान पीड़ितों के चीखने की आवाज सुनकर पड़ोसियों ने पुलिस को डायल 112 पर सूचना दी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** दस हजार रुपये के लिए सूदखोरों ने दो युवकों को दिनदहाड़े अगवा कर पांच घंटे तक बुरी तरह पीटा। मारपीट के दौरान पीड़ितों के चीखने की आवाज सुनकर पड़ोसियों ने पुलिस को डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को मुक्त कराकर पांच आरोपित पकड़े हैं। पांडव नगर निवासी अंतरिक्ष शर्मा का कहना है



कि उन्होंने दस हजार रुपये ब्याज पर लिए थे। रुपयों को लेकर सूदखोर ने लगातार दबाव बनाया हुआ है। शुक्रवार शाम करीब चार बजे वह अपने मेरठ निवासी मित्र अंकित सिंह के साथ शास्त्रीनगर चौराहे पर पंचर लगवाने गए थे। तभी कार सवार दो युवक आए तथा एक युवक बाइक पर आया। दोनों को कार में डालकर गोविंदपुरम अपने ऑफिस ले गए। ऑफिस में सात लोगों ने दोनों पीड़ितों के साथ कई घंटे तक मारपीट की। चीख सुनकर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पांच आरोपित को गिरफ्तार किए हैं जबकि दो आरोपित फरार हैं।

# 3.39 करोड़ उधार लेकर वापस लौटाने के नाम पर 2.63 करोड़ रुपये हड़पे

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद:** कविनगर क्षेत्र के राजनगर के रहने वाले राकेश कुमार त्यागी ने एक दंपती ने 2.63 करोड़ रुपये हड़प लिए। आरोप है कि अनुराग ने पहले अपने साथी राजीव के साथ मिलकर ठेकेदारी के नाम पर 3.39 करोड़ रुपये उधार लिए। इसके बाद इन्हें लौटाने के नाम पर अनुराग ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपनी 43 बीघा जमीन का 8.20 करोड़ में सौदा करके 2.63 करोड़ रुपये हड़प लिए। जमीन का सौदा अनुराग ने फर्जी फर्द दिखाकर किया, जिसका पता बैनामा कराने के दौरान हुआ। राकेश कुमार त्यागी का कहना है कि 2003 में उन्होंने अनुराग से बसंतपुर में जमीन खरीदी थी। तभी से उनकी जान पहचान है।

अनुराग ने अपने साथी राजीव के साथ मिलकर पहले उनसे ठेकेदारी करने के लिए 10 लाख रुपये उधार लिए। जो तय समय में लौटा दिए। इसके बाद फिर अनुराग ने कई बार में 3.39 करोड़ रुपये लिए जो काफी समय तक नहीं लौटाए।

# सीवर लाइन डालने को लेकर हुआ विवाद, चार घायल

**नोएडा। सेक्टर-93** स्थित गेझा गांव में मंदिर के पास सीवर लाइन डालने के दौरान रविवार को दो पक्षों में कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया है कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर फेज-2 कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में हमला कर दिया। मारपीट में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस का कहना है कि गेझा गांव में एक रास्ता है जो मंदिर की तरफ से आता है। उस रास्ते पर एक पक्ष के दो लोगों की दुकान बनी है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि दुकानें अवैध हैं। उसी दुकानों के पास से एक पक्ष ने प्राधिकरण से सीवर लाइन डालने का अनुमति प्राप्त की है। रविवार को नोएडा प्राधिकरण




की टीम एक जेई सीवर लाइन डालने से जुड़े काम को शुरू करने के लिए पहुंचे थे।

जानकारी पर पुलिस भी पहुंची और रविवार को काम ना करने का अनुरोध किया। बिना फोर्स के कानून व्यवस्था का हवाला देकर ऐसा न करने को कहा। इसी दौरान एक पक्ष के समर्थन में एक किसान संगठन के कुछ लोग आ गए और सीवर लाइन डालने के लिए सड़क तोड़ने के काम का समर्थन किया। इसी दौरान दूसरे पक्ष से विवाद हो गया। मारपीट में चार लोगों के सिर फूटने के साथ हाथ और पैर में चोट आई है। जिन्हें सेक्टर-110 स्थित स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक इलाज के लिए भर्ती कराना पड़ा है। विवाद के बाद आसपास के थानों की फोर्स भी पहुंची। एसीपी और कोतवाली प्रभारी ने मोर्चा संभाल मामले को शांत कराया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से मौखिक शिकायत मिली है। सभी से लिखित में शिकायत देने को कहा है। अधिकारियों को मामले से अवगत कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

**पत्रकारों से अभद्रता का आरोप**

किसान संगठन से जुड़े लोगों ने पत्रकार का भी मोबाइल छीनने का प्रयास। एक पत्रकार ने कुछ लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा कोतवाली में शिकायत दी है।

# मुख्यमंत्री पचास हजार भर्ती पूरी करे तो भंडारा करेंगे: जयहिन्द

**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतक:** बीते रविवार जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद के टेंट में प्रदेश के अलग -अलग ज़िलों से भर्ती को लेकर रोहतक पहुँचे । इस मौके पर पत्रकार साथी भी मौजूद रहे। युवाओं ने पत्रकारों के सामने भर्ती न होने से अपनी आर्थिक और मानसिक परेशानी रखी । जयहिंद ने मुख्यमंत्री के वायदे का ज़िक्र करते हुए कहा कि आज प्रदेश के युवा उएळ भर्ती का इंतजार कर रहे है । सीईटी का ग्रुप 56-57 का मामला पिछले कई महीनों से कोर्ट केस में उलझा हुआ है। जिसकी वजह से प्रदेश के लाखों युवा मानसिक परेशानी से गुजर रहे है। कुछ छात्र आत्महत्या की स्थिति में तक जा चुके ह । युवाओं पर पारिवारिक और सामाजिक दबाव रहता है ऐसे में इन युवाओं के सब्र का और इम्तेहान न लिया जाए और जल्द जल्द परिणाम घोषित किया जाये ।

**ऐलान**

**8 पारिवारिक और सामाजिक दबाव रहता है ऐसे में इन युवाओं के सब्र का और इम्तेहान न लिया जाए**

## सीएम योगी के दिल्ली जाने के दौरान पुलिस सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**कौशांबी।** यूपी गेट फ्लाईओवर पर शनिवार को दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्ग-9 की लेन पर यातायात सामान्य रहा। दोपहर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिंडन एयरफोर्स से एलिवेटेड होते हुए दिल्ली गये। इस बीच पुलिस सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए थे। काफिला गुजरने के दौरान यातायात को कुछ देर के लिए रोका गया था। डीसीपी निमिष पाटिल का कहना है कि यूपी गेट पर किसानों के आने की संभावना पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात है। सुबह में एनएच-9 और डीएमई पर जाम की स्थिति नहीं रही। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने काफिले के साथ दिल्ली रवाना हुए। वहीं, हिंडन एयरफोर्स, करहेड़ा और इंदिरापुरम, कौशांबी थाना क्षेत्र के यूपी गेट व एनएच- 9 पर जगह-जगह पुलिस कर्मियों की डयूटी लगाई गई थी। उन्होंने सभी को सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। कड़ी सुरक्षा के बीच सीएम का काफिला दिल्ली भेजा गया। उधर, देर शाम तक यूपी गेट गाजीपुर बॉर्डर पर लगा बैरिकेड नहीं हटाया गया। हालांकि, हरियाणा और दिल्ली के शंभू व सिंघु बॉर्डर पर लगे बैरिकेडिंग को हटाने की खबर के बाद वैशाली-वसुंधरा, कौशांबी व इंदिरापुरम के लाखों लोग यूपी गेट-गाजीपुर बॉर्डर की सर्विस लेन से बैरिकेड हटाकर रास्ता खुलने का इंतजार करते रहे हैं।

# तस्करी का इंटरनेशनल रैकेट का भंडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** नोएडा की कोतवाली सेक्टर-39 पुलिस ने चीन से नेपाल के रास्ते प्रतिबंधित ई-सिगरेट की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा किया है। एक सूचना पर पुलिस ने शनिवार को सेक्टर-41-42 कट के पास से गिरोह के दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोरियों की पहचान खटीमा (उत्तराखंड) निवासी अहमद रफी और तस्लीम के रूप में हुई। इनके कब्जे से 45 लाख रुपये से अधिक की ई-सिगरेट और तीन किलो से अधिक गांजे के अलावा एक कार भी बरामद हुई है। आरोपी नेपाल के रास्ते ई-सिगरेट एनसीआर लाते थे। इसके बाद बार, क्लब और युवाओं तक पहुंचाया जाता था। नोएडा जोन के डीसीपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि दोनों आरोपी नेपाल में बैठे मास्टरमाइंड रिंकू से ई-



सिगरेट की खेप लेते हैं और सड़क मार्ग से दिल्ली-एनसीआर लाते हैं। दोनों ई-सिगरेट की खेप नेपाल से लेकर रोहिणी (दिल्ली) जा रहे थे, तभी दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरोह के अन्य तस्करों की तलाश कर रही है। तस्करों का गिरोह नेपाल से चल रहा है। नेपाल में सरगना रिंकू चीन से प्रतिबंधित ई-सिगरेट मंगवाकर नेपाल में स्टॉक करता है और वहां से भारत के कई राज्यों और शहरों में तस्करी करवाता है। दिल्ली में ई-सिगरेट किसको देनी है इसकी जानकारी रिंकू गिरोह के जुड़े तस्करों को दिल्ली पहुंचने के बाद ही देता है। तस्करी के लिए आरोपी हमेशा रूट बदलते रहते हैं।

**चार से आठ हजार तक है कीमत**

तस्करों से बरामद ई-सिगरेट की कीमत चार से आठ हजार रुपये तक है। दोनों तस्कर नेपाल से ढाई से चार हजार रुपये तक में एक ई-सिगरेट खरीदते थे। इसके बाद एनसीआर में छह से आठ हजार रुपये प्रति ई-सिगरेट बेचते हैं। ई-सिगरेट को महंगे बार, क्लब और युवाओं को उपलब्ध कराया जाता था। ब्रिकी के लिए युवाओं को टारगेट किया जाता है। नोएडा के कई नामी विश्वविद्यालयों के छात्रों तक भी ई-सिगरेट पहुंचाने की जानकारी मिली है।

**पीलीभीत और खटीमा के रास्ते लाते हैं**

गिरफ्तार तस्करों ने बताया कि प्रतिबंधित ई-सिगरेट को दिल्ली-एनसीआर तक पहुंचाने के लिए पीलीभीत और खटीमा के रास्ते लाते हैं। पीलीभीत और खटीमा के आसपास भी गिरोह के तस्कर हैं और उन्हें इसके लिए कुछ रकम दी जाती है। अब पुलिस उन स्थानों का पता लगा रही है, जहां ई-सिगरेट की खपत होती है। वहीं, गिरोह के नोएडा-दिल्ली में सक्रिय एजेंट के बारे में पता लगा रही है।

**यह होती है ई-सिगरेट**

ई-सिगरेट एक तरह की इलेक्ट्रॉनिक निकोटिन डिलिवरी सिस्टम डिवाइस है।

# कार सवार ने शख्स को बोनट पर बैठा तीन किलोमीटर घुमाया

**दबंगई**

**8 गाड़ी के आगे खड़े होकर उसे रोकना चाहा तो आरोपी ने स्पीड बढ़ाकर चालक को अपने बोनट पर बैठा लिया**

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**

कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर 4 में कार सवार युवक ने चालक रमेश की गाड़ी में टक्कर मार दी। विरोध करने पर चालक ने युवक की गाड़ी के आगे खड़े होकर उसे रोकना चाहा तो आरोपी ने स्पीड बढ़ाकर चालक को अपने बोनट पर बैठा लिया। इसके बाद तेज रफ्तार में करीब तीन



किलोमीटर तक घुमाया।

शोर मचाने पर लोग चालक को बचाने के लिए दौड़े। इसके बाद सेक्टर 4 में निजी अस्पताल के पास रोककर आरोपी युवक तरंग निवासी वैशाली की जमकर पिटाई कर दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी तरंग को कब्जे में लेकर पूछताछ की। घटना में इस्तेमाल गाड़ी भी सीज कर दी गई। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि आरोपी कार सवार तरंग को गिरफ्तार कर लिया है।

# सोसाइटी में निर्माण कार्य के दौरान कंक्रीट ऊपर ले रही लिफ्ट गिरी

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा** : सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के जैतपुर गांव के पास मिगसन सोसाइटी में रात को निर्माण कार्य के दौरान कंक्रीट ऊपर ले रही लिफ्ट मजदूर के ऊपर गिर गई। गंभीर रूप से घायल श्रमिक को अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हालांकि मामले में परिजनों की ओर से पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस का कहना है कि परिजन और निर्माण एजेंसी के बीच आपसी समझौता हो गया है। हाल ही में 15 सितंबर को आम्रपाली की ड्रीमवैली फेज-2 में निमार्णाधीन साइट पर लिफ्ट गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के जुनपत चौकी से कुछ दूरी पर मिगसन सोसाइटी की साइट पर शुक्रवार रात को निर्माण कार्य चल रहा था। वहां पर श्रमिक काम कर रहे थे। इसी दौरान सामान ले जाने वाली लिफ्ट अचानक टूटकर नीचे खड़े संभल निवासी सुगनी (40) के ऊपर गिर गई। आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 26 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के राजकोट में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 55 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## 'सिमी' का सदस्य 22 साल बाद गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने प्रतिबंधित सिमी संगठन के सदस्य मोहम्मद हनीफ शेख को गिरफ्तार कर लिया है। वह 22 साल से फरार था। 2001 में न्यू फ्रेंड्स कालोनी थाने में दर्ज यूएपीए और राजद्रोह मामले में कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा था। हनीफ शेख, सिमी पत्रिका 'इस्लामिक मूवमेंट' (उर्दू संस्करण) का संपादक था। 25 वर्षों के दौरान उसपर कई मुस्लिम युवाओं को शिक्षा दी। 'इस्लामिक मूवमेंट' पत्रिका पर छपा 'हनीफ हुडाई' नाम ही पुलिस के पास उपलब्ध एकमात्र सुराग था, जिसके कारण उसकी पहचान स्थापित नहीं हो सकी। पुलिस चार साल से उसका पीछा कर रही थी। डीसीपी स्पेशल सेल के मुताबिक मोहम्मद हनीफ उर्फ हनीफ शेख उर्फ हनीफ हुडाई, खड़का रोड भुसावल, जलगांव महाराष्ट्र का रहने वाला है। वह महाराष्ट्र में भी यूएपीए अधिनियम और अन्य राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के मामलों में शामिल रहा है। जिसमें 2002 में अदालत ने हनीफ शेख को भगोड़ा घोषित कर दिया था। उसने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक और केरल में सिमी संगठन की बैठकों में भाग लेने व आयोजित करने जैसे मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब भी पुलिस या अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने सिमी संगठन पर कार्रवाई की, वह अपने अगले कदम का कोई निशान छोड़े बिना गायब होता गया।

**टीम ने कई राज्यों से एकत्र की जानकारी:** पुलिस का कहना है कि देश के विभिन्न हिस्सों विशेषकर दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु का दौरा कर सेल की टीम ने जानकारी एकत्र की। जानकारी मिली कि हनीफ अपनी पहचान बदलकर मोहम्मद हनीफ के रूप में कर ली है और अब वह महाराष्ट्र के भुसावल में एक उर्दू स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत है। 22 फरवरी को पुलिस की टीम ने मोहम्मद्दीन नगर से खड़का रोड से हनीफ को दबोच लिया। स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट आफ इंडिया (सिमी) का गठन 1976 में यूपी के अलीगढ़ में हुआ था। इस संगठन का विचार दार-उल-इस्लाम (इस्लाम की भूमि) की स्थापना करना था। "जिहाद" और "शहादत" सिमी के मूल नारे थे। विभिन्न राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में सिमी कार्यकताओं की संलिप्तता के कारण उक्त संगठन पर भारत सरकार द्वारा प्रतिबंध लगा दिया गया था।

**आपत्तिजनक सामग्री और उत्तेजक साहित्य बरामद:** 27 सितंबर 2001 को सिमी के पदाधिकारी जब दिल्ली के जामिया नगर में अपने मुख्यालय के पास संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, तभी पुलिस ने छापा मार कई सिमी कार्यकताओं को गिरफ्तार कर लिया था। कई सिमी कैडर घटनास्थल से भाग गए थे।

## न्याय यात्रा: एक साथ आए यूपी के 'लड़के'

### 'नफरत करने वालों को भी मोहब्बत सिखा देता है, ये आगरा है जनाब..'

**एकजुट**

8 अखिलेश यादव ने आगरा में भाजपा हटाओ, संविधान बचाओ, देश बचाओ का नारा दिया



**टीम एक्शन इंडिया/आगरा**

**उत्तर** प्रदेश के आगरा में रविवार तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आयोजित हुई। इसमें सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने शायराना अंदाज में भाजपा को निशाने पर लिया। कहा कि आगरा मोहब्बत की नगरी है। यहां से पूरे देश में मोहब्बत का संदेश जाना चाहिए। अखिलेश ने आगरा में भाजपा हटाओ, संविधान बचाओ, देश बचाओ का नारा दिया।

कहा कि भाजपा पेपर लीक करने वाली पार्टी है। इनके नेता देश में नफरत फैलाने का कार्य कर रहे हैं। नौजवानों को रोजगार नहीं है। जवान डिग्री जलाने को मजबूर हैं। यह किसानों के लिए काले कानून लेकर आते हैं। अब भाजपा की विदाई तय है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत टेड़ी बगिया से हुई।

इसमें शामिल होने के लिए राहुल गांधी अलीगढ़ से होते हुए आगरा पहुंचे। वहीं समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी इसमें हिस्सा लेने के लिए आगरा पहुंचे।

ऐसे में टेड़ी बगिया पर समाजवादियों ने होर्डिंग और बैनर से पूरा मार्ग पाट दिया। यात्रा राहुल गांधी की है, लेकिन रंग समाजवादी का खिला-खिला नजर आया।

### 'मोदी-शाह की ईडी-सीबीआई से हम नहीं डरते'

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और उनकी बहन व कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा ने शनिवार को मुरादाबाद में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली। इस दौरान भाई-बहन दोनों के निशाने पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रहे। राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जनता का ध्यान बांटकर जनता की जेब कटवाकर अडानी-अंबानी की तिजोरी भरने में लगे हैं। जो विपक्षी दल इसके विरुद्ध आवाज उठाते हैं उन्हें मोदी और अमित शाह ईडी और सीबीआइ का डर दिखाकर मुंह बंद कराने का प्रयास करते हैं। मैं नफरत की दुकान बंद करने के लिए मोहब्बत का पैगाम लेकर निकला हूं। मोदी-शाह की ईडी-सीबीआइ से नहीं डरता हूं। देश की 90 प्रतिशत आबादी की भागेदारी की लड़ाई लड़ता रहूंगा। इसीलिए जातीय जनगणना कराने की मांग करता हूं। शनिवार को भाजपा जोड़ो न्याय यात्रा के समापन पर राहुल गांधी संभल चौराहे पर जनसभा में बोल रहे थे।

### ईडी और सीबीआई से डरा रहे: राहुल गांधी

**राहुल गांधी ने कहा कि एक** धर्म के लोगों को दूसरे धर्म के लोगों से लड़ाया जा रहा है। कोई नेता बोलता है तो पीछे अमित शाह डंडा लेकर खड़े रहते हैं। उनको ईडी और सीबीआइ से डरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में 50 प्रतिशत पिछड़े हैं। 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक, 15 प्रतिशत दलित, आठ प्रतिशत आदिवासी समाज की आबादी है। दो प्रतिशत अन्य शोषित समाज के लोगों को जोड़ लें। इस तरह करीब 90 प्रतिशत लोगों की कहीं भागीदारी ही नहीं है। देश की सबसे बड़ी कंपनियों के मालिकों में से एक भी इस आबादी से नहीं है। न्यायालयों एवं सरकार की अन्य बड़ी संस्थाओं में इनमें से कोई नहीं है। मीडिया में भी इस आबादी की भागेदारी दिखाई नहीं देती। हां, मनरेगा के मजदूरों की सूची में इनकी भागेदारी होती है। भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए जातीय जनगणना कराए जाने की आवश्यकता है।

## बसपा सांसद रितेश पांडे भाजपा में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उत्तर प्रदेश के अं**बेडकर नगर से बसपा सांसद रितेश पांडे रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। पांडेय ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा, राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग, उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक प्रमुख रूप से मौजूद रहे। ब्रजेश पाठक ने रितेश पांडे का पार्टी में स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की कि वे उत्तर प्रदेश में युवाओं को प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य से जोड़ने का काम करेंगे। वहीं रितेश पांडे ने पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए उत्तर प्रदेश और खासकर उनके क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया और विकसित भारत के संकल्प की दिशा में काम करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि रितेश पांडे ने आज ही बसपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। विधानसभा चुनाव में रितेश के पिता एवं पूर्व सांसद राकेश पांडेय बसपा छोड़कर सपा में शामिल हुए थे। सपा के टिकट पर जलालपुर से विधायक बने। इसके बाद से बसपा प्रमुख मायावती रितेश से भी नाराज चल रही थीं। उन्हें पार्टी के संसदीय दल के नेता पद से हटा दिया।

## 'मन की बात' पर तीन महीने का विराम

### प्रधानमंत्री बोले 111वें एपीसोड में फिर होगी देश की सामूहिक शक्ति की बात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम को सरकार से दूर देश की सामूहिक शक्ति की चर्चा का मंच बताया। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि कार्यक्रम पर तीन महीने के लिए विराम लगेगा और चुनावों के बाद 111 के शुभ अंक यानी 111वें एपीसोड से फिर वे जनता के बीच देश की सामूहिक शक्ति के प्रयासों की चर्चा करेंगे। रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 110वें एपीसोड के अंत में प्रधानमंत्री ने कहा कि मन की बात हमेशा सरकार से दूर रहते हुए देश की सामूहिक शक्ति के प्रयासों की चर्चा का मंच रहा है। आगे लोकसभा चुनाव आने वाले हैं और आचार संहिता लगने वाली है। ऐसे में वे तीन महीनों के लिए मन की बात को विराम देंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पहली बार मतदाता बन रहे युवाओं से बढ़-चढ़कर वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले चुनाव आयोग ने एक अभियान शुरू किया है- 'मेरा पहला वोट-देश के लिए'। वे



**प्रयासों का मंच**

8 न की बात हमेशा सरकार से दूर रहते हुए देश की सामूहिक शक्ति के प्रयासों की चर्चा का मंच रहा है

पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को जोश और ऊर्जा से भरी अपनी युवा शक्ति पर गर्व है।

उन्होंने नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड की जानकारी देते हुए कहा कि सोशल मीडिया ने लोगों के कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करने में बहुत मदद की है। भारत में युवा कंटेंट क्रिएशन के क्षेत्र में चमत्कार कर रहे हैं। उनकी प्रतिभा को सम्मान देने के लिए इन अवॉर्ड की शुरूआत की गई है। प्रधानमंत्री ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने तथा दूसरों की सेवा करने की दिशा में हो रहे निस्वार्थ प्रयासों को अपने कार्यक्रम में शामिल किया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति हमें ह्यपरमार्थ परमो धर्मःह्ल की सीख देती है। इस संदर्भ में उन्होंने बिहार के भोजपुर के भीम सिंह भवेश के अति पिछड़ी मुसहर जनजाति के बच्चों को शिक्षित करने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने गूजर बकरवाल समुदाय से आने वाले मोहम्मद मानशाह के जम्मू-कश्मीर में गोजरी भाषा के संरक्षण, अरूणाचल प्रदेश में तिरप के बनवंग लोसू के वांचो भाषा के प्रसार और वेंकप्पा अम्बाजी सुगेतकर गोंधली भाषा के उत्थान के प्रयासों की सराहना की।

## शख्स ने डॉक्टर के गले पर किए 18 वार

**टीम एक्शन इंडिया/नासिक**

**महाराष्ट्र** के नासिक में रात एक प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टर की हत्या की कोशिश हुई। आरोपी शख्स ने डॉक्टर की गर्दन पर धारदार हथियार से 18 बार हमला किया। ये पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसमें देखा जा सकता है कि डॉक्टर फोन पर बात कर रहे हैं। इसी दौरान आरोपी ने उन पर हमला कर देता है। फिलहाल डॉक्टर का इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर है। आरोपी अचानक धारदार हथियार निकालकर डॉक्टर पर हमला कर देता है।



उत्तराखंड में शनिवार देर रात को हुई बर्फबारी के बाद सुबह जब धूप निकली तो वादियां चांदी सी चमक उठीं। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी अब निचले क्षेत्रों तक भी पहुंच गई। गांव में चौक, खेत खलियान और आम रास्ते बर्फ से ढक गए। रात को पाला गिरने से बर्फ जम गई। अब ठिठुरन भरी ठंड पड़ रही है।

## यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर भारी बमबारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाशिंगटन:** अमेरिका और ब्रिटेन सहित सात देशों की सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बड़ा हमला किया। यमन की राजधानी सना के हूती ठिकानों को निशाना बना कर ये हमले किए गए। हूती विद्रोहियों के खिलाफ इस बड़ी कार्रवाई में हिस्सा लेने वाले देशों ने शनिवार को संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि यमन में यह सैन्य कार्रवाई 8 स्थानों पर की गई जिसमें हूती के 18 ठिकानों को निशाना बनाया गया। साथ ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड की सैन्य भागीदारी में अंजाम दिया गया।

## एनसीबी ने 2000 करोड़ के ड्रग्स नेटवर्क का भंडाफोड़ किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और दिल्ली पुलिस ने को जॉइंट ऑपरेशन में एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तारी किया, साथ ही इनके पास से ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल आने वाले 50 किलोग्राम स्यूडोइफेड्राइन केमिकल जब्त किया है। एनसीबी ने कहा कि ड्रग तस्करी नेटवर्क के मास्टरमाइंड की पहचान एक तमिल फिल्म प्रोड्यूसर के रूप में की गई है। वह अभी फरार है। प्रोड्यूसर और उसकी गैंग ने सिर्फ 3 साल में करीब 2 हजार करोड़ रुपए के ड्रग्स की तस्करी की है। यह केमिकल मिक्स फूड पाउडर और सूखे नारियल में छिपाकर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड भेजा जा रहा था। गिरफ्तार किए गए लोगों ने एंटी नार्कोटिक्स एजेंसी को बताया कि उन्होंने पिछले तीन सालों में कुल 45 स्यूडोइफेड्राइन शिपमेंट भेजे थे।

## दिल्ली की सातों लोकसभा सीट पर गठबंधन को मिलेगी जीत'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजधानी के सभी सातों लोकसभा सीट पर गठबंधन की जीत का दावा किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया- दिल्ली की सातों सीट इंडिया गठबंधन जीतेगा। हम दिल्लीवालों के विकास और तरक्की के लिए काम करते हैं। बीजेपी वाले दिल्ली को बर्बाद करने में लगे हैं। ये दिल्लीवालों को दुःखी करने में लगे रहते हैं। मारने वाले से राहत देने वाला बड़ा होता है। बता दें, दिल्ली सरकार लोगों को पानी के



बढ़े बिलों से राहत देने के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लेकर आई, लेकिन इसे फिलहाल रोक दिया गया है। इसी के खिलाफ आप मुख्यालय में प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी पहुंचे और लोगों को संबोधित किया। इससे

**दावा**

8 दिल्ली की सातों सीट इंडिया गठबंधन जीतेगा। हम दिल्लीवालों के विकास और तरक्की के लिए काम करते हैं

पहले, केजरीवाल गोविंदपुरी इलाके का दौरा किया था और लोगों से बातचीत भी की थी। इस दौरान उन्होंने पानी के बढ़ हुए बिल किसी से न चुकाने की अपील की थी।

**मामला गर्माया**

### 6 मेंबर्स को ढाई घंटे अरेस्ट रखा; पुलिस ने कहा- बैरिकेडिंग तोड़ रहे थे

## संदेशखाली जा रही फैक्ट फाइंडिंग टीम को पुलिस ने रोका

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता**

**फैक्ट** फाइंडिंग टीम में पटना हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एल नरसिम्हा रेड्डी, ओपी व्यास, चारु वली खन्ना, भावना बजाज, राजपाल सिंह और संजीव नायक शामिल हैं। बंगाल के हिंसा प्रभावित संदेशखाली जा रही फैक्ट फाइंडिंग टीम को रविवार सुबह साउथ 24 परगना में भोजेरहाट में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। टीम को कोलकाता में रखा गया। हालांकि दोपहर में टीम मेंबर्स को रिहा कर दिया गया। इस टीम में पटना हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य



न्यायाधीश एल नरसिम्हा रेड्डी, ओपी व्यास, चारु वली खन्ना, भावना बजाज, राजपाल सिंह और संजीव नायक शामिल हैं। गिरफ्तारी पर नरसिम्हा रेड्डी ने कहा- हम यहां बैठे थे, पर इन्हें इससे भी परेशानी है। अब हम गवर्नर से मिलेंगे और उन्हें अपनी स्थिति बताएंगे। इसके बाद हम दिल्ली में गृह मंत्रालय में अपनी बात रखेंगे। भांगर डिवीजन के डिप्टी कमिश्नर ने कहा- हम टीम के लोगों से रिक्वेस्ट कर रहे थे कि आप यहां से आगे मत बढ़िए, पर वे पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इसलिए हमें उन्हें गिरफ्तार करना पड़ा। अगर शांति भंग की कोशिश की जाती है तो पुलिस को गिरफ्तारी का अधिकार है। संदेशखाली में कालिंदी नदी के किनारे बने बांध पर एक स्थानीय महिला से बातचीत की। महिला ने कहा- माफ कीजिए, हम बात नहीं कर सकते। शुरू में जिन्होंने बेखौफ आवाज उठाई, अब उन पर हमले हो रहे। चुप रहने की धमकियां मिल रही हैं। महिलाओं से गैंगरेप और उत्पीड़न की शिकायतों के चलते संदेशखाली सुर्खियों में है।

**विरोध**

8 संदेशखाली जा रही फैक्ट फाइंडिंग टीम को रविवार सुबह साउथ 24 परगना में भोजेरहाट में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया

जो महिलाएं पहले आरोपी टीएमसी नेता शाहजहां शेख के खिलाफ खुलकर बोल रही थीं, वो अब चुप हैं। महिलाएं चेहरा ढंककर प्रदर्शन करती मिलीं, लेकिन न नारेबाजी, न बहस। एक महिला से शांति की वजह पूछी तो उन्होंने कहा- आरोपी तो जेल से छूट जाएंगे, हमें कौन बचाएगा। हमले तो अभी से होने लगे हैं।

## 'मुझे मारना चाहते हैं फडणवीस'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**मराठा आरक्षण** आंदोलन कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने रविवार को एलान किया कि वह महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे। जालना के अंतरवाली सराटी में जरांगे ने करीब एक घंटे तक भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने फडणवीस के खिलाफ कई आरोप लगाए। जरांगे ने कहा, कुछ लोगों को मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए लालच दिया जा रहा है। उन पर दबाव डाला जा रहा है। इन साजिशों के पीछे फडणवीस का हाथ है। वह मुझे मारना चाहते हैं। मैं सागर बंगले (मुंबई के मालाबार हिल में फडणवीस का आधिकारिक आवास) तक मार्च करने के लिए तैयार हूं।

## 'युवाओं के साथ 'पाप' करने वाले न घर के रहेंगे न घाट के'



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक** मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों को खुली चेतावनी दी है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सीएम योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो ना घर के रहेंगे ना घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी। रविवार को लोकभवन में विभिन्न विभागों में करीब 1800 पदों पर निष्पक्ष और परदर्शी ढंग से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के उपरांत सीएम योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा पहले दिन से ही संकल्प है कि नियुक्ति की प्रक्रिया अगर ईमानदारी से आगे नहीं बढ़ पा रही है तो ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और अपनी प्रतिभा को पलायन के लिए मजबूर करता है। अगर युवा के साथ अन्याय होता है तो यह राष्ट्रीय पाप है। पहले दिन से ही हमने तय किया है कि युवाओं के जीवन और भविष्य के साथ जो भी खिलवाड़ करेगा हम जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर उन तत्वों से उतनी ही सख्ती और कठोरतम तरीके से निपटने का काम करेंगे। हमारे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सरकार पहले भी कार्रवाई करती रही है।

**नियुक्ति पत्र**

8 सीएम योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है

# ...तो 15 दिन के अंदर पानी का बिल हो जाएगा माफ

## दिल्ली में पानी के गलत बिल आने से तकरीबन 11 लाख परिवार परेशान, बीजेपी ने साजिश करके उसे रोक दिया: केजरीवाल

**प्रदर्शन**

8 वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को लागू कराने के लिए आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में पानी बिल को लेकर माहौल गर्म है। वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को लागू कराने के लिए आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पानी के गलत बिल आने से तकरीबन 11 लाख परिवार परेशान हैं। हमारी सरकार पानी के इन गलत बिलों को ठीक करने के लिए स्कीम लेकर आई लेकिन भाजपा ने साजिश करके उसे रोक दिया। लेकिन हम संघर्ष करेंगे, इस स्कीम को लागू करवा कर रहेंगे। वहीं, शनिवार को अरविंद केजरीवाल ने गोविंदपुरी इलाके में जाकर लोगों को बिल ठीक कराने का भरोसा दिया। सीएम केजरीवाल ने कहा, 'दिल्ली जल बोर्ड ने योजना पास कर दी है। अब इस योजना को कैबिनेट में पास करना होगा। भाजपा ने दिल्ली एलजी से इस योजना को रोकने के लिए कहा। अधिकारियों को धमकी दी गई है, वे रो रहे हैं। जब सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने अधिकारियों को फोन करके पूछा कि आप बिल क्यों नहीं ला रहे हैं, अधिकारियों ने कहा कि हमें धमकी दी गई है कि अगर यह योजना कैबिनेट में आई तो उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। जैसे मनीष सिसौदिया और सत्येन्द्र जैन जेल में हैं, आप ईडी, सीबीआई के झूठे मुकदमे दर्ज कर अधिकारियों को भी जेल में डालेंगे।' सीएम ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा, 'उन्होंने (भाजपा) दिल्ली में स्कूलों और अस्पतालों के निर्माण को रोकने की कोशिश की। वे नहीं चाहते कि गरीबों को उनके बच्चों के समान शिक्षा मिले। मेरा दिल जानता है कि मैं कैसे सरकार चला रहा हूं, इसके लिए मुझे इसके लिए नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए, पर मेरा नोबेल पुरस्कार तो आप लोग हो।'

**गोविंदपुरी का दौरा कर लोगों से मुलाकात की:** वहीं, पानी के बढ़े बिलों से राहत देने की योजना को लागू करवाने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को सड़कों पर उतरे। उन्होंने गोविंदपुरी का दौरा कर लोगों से मुलाकात की और गलत बिलों को ठीक कराने का भरोसा दिया। इस दौरान केजरीवाल ने एक गलत बिल को फाड़ते हुए कहा कि इसके समाधान के लिए दिल्ली सरकार वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लाना चाहती है, लेकिन भाजपा ने उपराज्यपाल के माध्यम से अफसरों से योजना को रुकवा दिया। भाजपा चाहे जितनी अड़चनें डाले, लेकिन वह सभी के बिल माफ करवा कर रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के बाद से ज्यादातर लोगों के पानी के बिल गलत आ रहे हैं। हमने पानी मुफ्त कर रखा है। फिर भी इतना ज्यादा बिल आ रहे हैं जो गलत है। दिल्ली में 11 लाख ऐसे परिवार हैं, जो गलत बिल से परेशान हैं। 50-50 गज के मकान हैं। इनमें रहने वाले लोगों के 50 हजार से लेकर एक लाख से ज्यादा तक का बिल आया है। कोरोना की वजह से कई महीने मीटर रीडर रीडिंग लेने नहीं गए। उन्होंने दफ्तर में बैठ कर फर्जी रीडिंग भर दी। लोगों ने बिल भरे नहीं, उस पर ब्याज और एलपीसी पेनाल्टी लगती गई और बिल लाखों में पहुंच गए। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में गलत बिलों को ठीक करने में 80 साल लग जाएंगे, इसलिए हम वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लेकर आए हैं, ताकि जिन लोगों के गलत बिल आए हैं, उनके बिल ऑटोमैटिक ठीक किए जा सकें। इस स्कीम के तहत जिन लोगों के पिछले पांच साल में दो ओके रीडिंग है, उसका औसत बिल निकाला जाएगा और उसी आधार पर सारे महीने का बिल बना देंगे, जिन लोगों ने महीने में 20 हजार लीटर से कम पानी का इस्तेमाल किया है, उनके बिल जीरो हो जाएंगे। उम्मीद है कि 90 फीसदी लोगों के बिल जीरो होंगे।





### सीएम केजरीवाल ने की नोबेल पुरस्कार की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दिल्ली के लोगों से लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट देने को कहा, ताकि उनकी आवाज संसद में सुनी जा सके और बढ़े हुए पानी के बिल माफ किए जाएं। आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा बढ़े हुए पानी के बिल के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में बोलते हुए केजरीवाल ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद सरकार चलाने के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार दिया जाना चाहिए। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'लोकसभा चुनाव में आपको दिल्ली से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को वोट देना चाहिए और उन्हें संसद में भेजना चाहिए। इससे दिल्ली के चारों ओर एक सुरक्षा कवच बन जाएगा और कोई भी उपराज्यपाल कुछ नहीं कर पाएगा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि लोकसभा चुनाव के 15 दिनों के भीतर और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत के बाद आपका पानी का बिल शून्य हो जाएगा।'

# एलजी ने सीएम से आयुष्मान योजना लागू करने को कहा



**आदेश**

8 इसके कार्यान्वयन न होने के कारण विशेष रूप से लाखों प्रवासी योजना के तहत लाभ से वंचित हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से दिल्ली में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना लागू करने को कहा। उन्होंने कहा कि इसके क्रियान्वयन न होने से गरीब मरीजों को परेशानी हो रही है। इसके कार्यान्वयन न होने के कारण विशेष रूप से लाखों प्रवासी योजना के तहत लाभ से वंचित हैं।

राजनिवास ने कहा है कि एलजी ने 2018 में ऐसा करने के लिए सहमत होने और अपने बजट 2020 में इसके कार्यान्वयन की घोषणा करने के बावजूद फाइल को मंजूरी देने में जीएनसीटीडी की अकर्मण्यता को चिह्नित किया है। केजरीवाल ने एक गलत बिल को फाड़ते हुए कहा कि इसके समाधान के लिए दिल्ली सरकार वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लाना चाहती है, लेकिन भाजपा ने उपराज्यपाल के माध्यम से अफसरों से योजना को रुकवा दिया। भाजपा चाहे जितनी अड़चनें डाले, लेकिन वह सभी के बिल माफ करवा कर रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के बाद से ज्यादातर लोगों के पानी के बिल गलत आ रहे हैं। हमने पानी मुफ्त कर रखा है। फिर भी इतना ज्यादा बिल आ रहे हैं जो गलत है। दिल्ली में 11 लाख ऐसे परिवार हैं, जो गलत बिल से परेशान हैं। 50-50 गज के मकान हैं। इनमें रहने वाले लोगों के 50 हजार से लेकर एक लाख से ज्यादा तक का बिल आया है। कोरोना की वजह से कई महीने मीटर रीडर रीडिंग लेने नहीं गए। उन्होंने दफ्तर में बैठ कर फर्जी रीडिंग भर दी। लोगों ने बिल भरे नहीं, उस पर ब्याज और एलपीसी पेनाल्टी लगती गई और बिल लाखों में पहुंच गए। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में गलत बिलों को ठीक करने में 80 साल लग जाएंगे, इसलिए हम वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लेकर आए हैं, ताकि जिन लोगों के गलत बिल आए हैं, उनके बिल ऑटोमैटिक ठीक किए जा सकें।

# आप शासित एमसीडी के पहले बजट पर संकट के बादल

## अब एलजी सक्सेना ने मांगा आयुक्त से जवाब, बीजेपी ने की थी शिकायत

**जवाब तलब**

8 एलजी ने इस पर निगम आयुक्त से जवाब मांगा है कि बजट को पारित करने में नियमों का तो उल्लंघन नहीं हुआ है



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा हाल ही में पारित किए गए बजट पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। अब एलजी वीके सक्सेना ने इस पर निगम आयुक्त से जवाब मांगा है कि कहीं बजट को पारित करने में प्रक्रिया और नियमों का तो उल्लंघन नहीं हुआ है? बता दें, भाजपा ने बजट को पारित करने में नियमों के उल्लंघन की शिकायत दी थी। अगर, एलजी को इसे पारित करने में नियमों का उल्लंघन प्रतीत होता है, तो वह एमसीडी एक्ट के तहत इसमें बदलाव कर सकते हैं। बीते 8 फरवरी को निगम का बजट पास हुआ था।

**हंगामे के बीच पारित हुआ था बजट:** बता दें, आप शासित एमसीडी ने अपना पहला बजट पेश किया था। इससे पहले वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट पर चर्चा के दौरान सदन में लगातार हंगामा हो रहा था। आठ फरवरी को हंगामे के बीच बजट को पास कर दिया गया।

# घर में लगी आग, दमकलकर्मियों ने तीन लोगों को बचाया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लाजपत नगर इलाके में एक घर में आग लगने की खबर है। घटना बीती रात करीब दो बजे की बताई जा रही है। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। घर में फंसे दो वरिष्ठ नागरिकों सहित तीन लोगों को बचाया गया है। जानकारी के मुताबिक, चौथी मंजिल वाली इमारत की पहली मंजिल पर कपड़ों के भंडारण में आग लगी थी। कुल पांच फायर टेंडरों को घटनास्थल पर भेजा गया। दो वरिष्ठ नागरिकों सहित तीन लोगों को बचाया गया है।

# मलिक को पनाह देने वालों पर पुलिस की नजर

## दो-दो दिन मास्टरमाइंड को अपने घर में रखा; होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अब्दुल मलिक को दिल्ली, गुजरात, मुंबई, चंडीगढ़ और भोपाल में किसने पनाह दी। इन पनाह देने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई करेगी। इसकी तैयारी पुलिस ने शुरू कर दी है। पुलिस के पास अभी तक दो लोगों की पुख्ता सूचना मिली है। जिन्होंने दो-दो दिन अब्दुल मलिक को अपने घर में रखा। उसे भागने के लिए गाड़ी भी उपलब्ध कराई। अब्दुल मलिक उपद्रव के दिन से ही गायब था। वह 16 दिन अलग-अलग जगह रहा। उसे देश में पनाह देने वालों की कमी नहीं रही। अब्दुल मलिक को जिसने पनाह दी उसे मालूम था कि अब्दुल मलिक मोस्ट वांटेड है। उसके जगह-जगह पोस्टर लगे थे। उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी हो चुका था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। 16 दिन बाद पुलिस अब्दुल मलिक को गिरफ्तार करने में कामयाब रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार अब्दुल मलिक से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उसने पुलिस को बताया कि वह कहां-कहां रूका था। उसे भागने के लिए गाड़ी किसने उपलब्ध कराई। पूछताछ में अभी तक दो नाम सामने आए हैं। पुलिस जल्द ही इनको भी पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकती है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि पूछताछ चल रही है।



# सड़कों पर लूट के इरादे से घूम रहा था शख्स, पुलिस ने धर दबोचा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तरी जिला के बाड़ा हिंदुराव थाना पुलिस ने एक बदमाश को चोरी की स्कूटी और चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। यह किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहा था, तभी पुलिस ने इसे दबोच लिया। यह लूटपाट, झपटमारी, चोरी, आर्म्स एक्ट और वाहन चोरी के 13 आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया। बाड़ा हिंदूराव थाना पुलिस ने इसके खिलाफ आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। डीसीपी उत्तरी जिला मनोज कुमार मीणा के मुताबिक गिरफ्तार किए गए बदमाश का नाम मुकेश उर्फ राहुल उर्फ रोहित है। यह नबी करीम थाने का घोषित अपराधी है। एसीपी विजय कुमार रस्तोगी और इंस्पेक्टर बिशम्बर दयाल मीना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार को बदमाश को गस्त के दौरान बदमाश को बाड़ा हिंदुराव इलाके से दबोच लिया। इसके कब्जे से बरामद स्कूटी पटेल नगर से चुराई गई थी।

# उपराज्यपाल सक्सेना ने सीएम को सदन में जल्द बजट पेश करने को कहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली सरकार को जल्द सदन के पटल पर बजट रखने को कहा है। इसे लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर कहा है कि 19 फरवरी को ही राष्ट्रपति ने बजट को मंजूरी दे दी थी। इसके बावजूद बजट को सदन के पटल पर नहीं रखा गया। उन्होंने मंत्रिपरिषद की सलाह पर 15 फरवरी को विधानसभा के बजट सत्र को संबोधित किया था। इसमें आगामी वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और नए क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी थी। साथ ही, सदन को आश्वासन दिया था कि वित्त मंत्री बजट भाषण में विस्तार से जानकारी देंगी, लेकिन बजट प्रस्तुत करने की जगह वित्त मंत्री ने बताया कि वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट) की प्रस्तुति में दिल्ली सरकार ओर से इसे अंतिम रूप देने में देरी होगी।

साथ ही, गृह मंत्रालय से मंजूरी हासिल करने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि सूचना मिली है कि 19 फरवरी से बजट सरकार के पास उपलब्ध है और अभी तक उपराज्यपाल कार्यालय में नहीं पहुंचा। इसके बाद स्थापित विधि के अनुसार सदन में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के आयोजन से पूर्व सरकार ने बताया था कि बजट सत्र 15 से 21 फरवरी तक होगा। इसे लेकर कैबिनेट ने 31 जनवरी को फैसला लिया था। इसे लेकर दो फरवरी को एलजी हाउस में फाइल आई थी। छह जनवरी को इसे लेकर आदेश जारी कर दिया गया।



**जल्द सदन में पेश होगा बजट:** वित्त मंत्री आतिशी ने कहा कि बजट को राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए 20 फरवरी के आसपास पेश किया गया था। जल्द ही विधानसभा के समक्ष पेश करने के लिए उपराज्यपाल से मंजूरी ली जाएगी। इसके लिए बजट एलजी कार्यालय भेजने की दिशा में काम किया जा रहा है। बजट पूरे वित्त वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण वित्तीय दस्तावेज है, इसलिए उचित परिश्रम की आवश्यकता होती है।

**13 फरवरी को प्राप्त हुआ था बजट:** एलजी ने कहा कि वार्षिक वित्तीय विवरण (बजट) एलजी सचिवालय को 13 फरवरी को प्राप्त हुआ। 14 फरवरी को राष्ट्रपति के पास भेजने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

# कुत्तों ने डेढ़ साल की बच्ची को नोच-नोचकर मार डाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। तुगलक रोड इलाके में रात आवारा कुत्तों ने दिव्यांशी नामक डेढ़ साल की बच्ची को नोच-नोचकर मार डाला। कुत्तों के हमले से जब तक परिवार वाले बच्ची को बचाते, तब तक बच्ची बुरी तरह से घायल हो गई थी। घायल बच्ची को सफदरगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मृत डेढ़ साल की बच्ची दीवांशी अपने परिवार के साथ तुगलक लेन के चमन घाट इलाके में रहती थी। उसके पिता राहुल कपड़े में प्रेस करने का काम करते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात को पीड़ित के घर के बाहर कुत्ते घूम रहे थे। बच्ची खाना खाकर घर से बाहर निकली कि अचानक से कुत्तों से उसपर हमला कर दिया। घटना स्थल के पास में ही तेज आवाज में संगीत बज रहा था।

8 तुगलक रोड इलाके में रात आवारा कुत्तों ने दिव्यांशी नामक डेढ़ साल की बच्ची को नोच-नोचकर मार डाला

# बाइक टैक्सी चालक की 25 से अधिक वार कर की गई हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मधु विहार इलाके में लूटपाट के चक्कर में बाइक टैक्सी चालक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। सिर, मुंह, हाथ और पीठ पर 25 से अधिक वार किए गए। पूर्वी डीसीपी के कार्यालय से थोड़ी दूरी पर पार्क में चार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। मृतक नरेंद्र (32) मंडावली की इंदिरा गली में रहते थे। वारदात के वक्त उनका एक दोस्त राहुल उनके साथ था। दोस्त ने पुलिस को जानकारी दी कि बदमाशों ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। पुलिस ने लूटपाट के इरादे से हत्या की धाराओं में प्राथमिकी कर जांच शुरू की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर 24 घंटे के भीतर नाबालिग समेत चार आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान ईस्ट विनोद नगर निवासी सुमित कुमार, खिचड़ीपुर निवासी हर्ष कुमार और हिमांशु के रूप में हुई है।

**दोस्त के साथ शराब पी रहे थे नरेंद्र:** नरेंद्र के परिवार में पिता महाराम सिंह, मां ओमवती देवी, पत्नी नेहा, साढ़े तीन साल की बेटी यशिका, दो साल का बेटा मिवान, दो भाई और तीन बहनें हैं। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार देर रात 12:46 बजे राहुल नाम के व्यक्ति ने कॉल कर सूचना दी कि आइपी एक्सटेंशन में सीएनजी गैस स्टेशन के सामने डीडीए पार्क में वह अपने दोस्त नरेंद्र के साथ बैठक कर शराब पी रहे थे। वहां आए चार बदमाश उनके दोस्त पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करके उनका बैग व मोबाइल छीन कर फरार हो गए।



**सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई:** इस सूचना पर पहुंची पुलिस टीम नरेंद्र को त्रिलोकपुरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले गई, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिर प्राथमिकी पंजीकृत कर एसीपी मधु विहार तिलक चंद बिष्ट के नेतृत्व में कई टीमें गठित कर जांच शुरू की गई। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। मृतक के दोस्त ने बदमाशों का हुलिया जैसा बताया था, उस आधार पर चार संदिग्ध चिह्नित किए गए।

**हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद:** तकनीकी सर्विलांच की मदद ली गई। फिर चारों को दबोच लिया गया। उनमें से एक नाबालिग निकला। चारों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार लिया। उनके पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू, लूटा गया बैग व मोबाइल बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि जब नरेंद्र पर हमला होते ही राहुल डर कर वहां से भाग कर छिप गया था, जिससे वह बच गया।

# नियम दरकिनार, इमाम का पद परिवार में बरकरार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद में इमाम पद पर नई नियुक्ति एक बार फिर विवादों में आ गई है। वर्तमान इमाम सैयद अहमद बुखारी रविवार को अपने बेटे उसामा शाबान बुखारी की इस पद पर ताजपोशी करेंगे। इसके पहले शाबान को वर्ष 2014 में नायब इमाम घोषित किया गया था। उसी वर्ष इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। मामले में सुनवाई लंबित है। रविवार के कार्यक्रम को अनधिकृत और अवैध बताते हुए याचिकाकर्ता सुहैल अहमद खान ने इसकी शिकायत दिल्ली पुलिस, हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की है। साथ ही इस पर रोक लगाने की मांग की है। जामा मस्जिद में पीढ़ी दर पीढ़ी चल रहा चल रहे बुखारी परिवार को कब्जे पर याचीकाकर्ता सुहैल अहमद खान ने अपने ईमेल में कहा है कि इस तरह की नियुक्ति इस्लामी कानून के सिद्धांतों का उल्लंघन करती है। इमाम का चयन पारिवारिक संबंधों के बजाय योग्यता और विशिष्ट इस्लामी मानदंडों के पालन पर आधारित होना चाहिए। केवल पारिवारिक संबंधों के आधार पर इमाम की नियुक्ति इस्लामी परंपरा में निष्पक्षता और न्याय के बुनियादी सिद्धांतों के विरुद्ध है। सुहैल अहमद खान ने बताया है कि उप इमाम के रूप में शाबान बुखारी की नियुक्ति के संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका लंबित है। चल रही कानूनी कार्यवाही और अदालत में दिल्ली वक्फ बोर्ड के बयान के बावजूद, जिसमें इमाम की नियुक्ति के लिए एक विशिष्ट मानदंड का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है, इमाम अहमद बुखारी व्यक्तिगत लाभ और वित्तीय लाभ के लिए अपने बेटे की नियुक्ति के लिए आगे बढ़ रहे हैं। शाबान बुखारी की नियुक्ति को रोकने की कोशिश उन्होंने कहा है कि अदालती मामले की विचाराधीन स्थिति और दिल्ली वक्फ बोर्ड द्वारा प्रस्तुत कानूनी दलीलों को देखते हुए, यह जरूरी है कि जामा मस्जिद के मुख्य इमाम के रूप में शाबान बुखारी की नियुक्ति के लिए निर्धारित समारोह को तुरंत रोक दिया जाए। दैनिक जागरण से सुहैल ने कहा कि मामला जब कोर्ट में चल रहा है तो अहमद बुखारी जल्दबाजी क्यों कर रहे हैं। इस मामले में अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होनी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली वक्फ बोर्ड फिलहाल प्रशासक के हवाले और इमाम की नियुक्ति का अधिकार वक्फ बोर्ड को है। ऐसे में मौके का फायदा उठाकर अहमद बुखारी अपने बेटे की ताजपाशी कर रहे हैं।




**ताजपोशी**

8 इमाम सैयद अहमद बुखारी अपने बेटे उसामा शाबान बुखारी की ताजपोशी करेंगे

**वक्फ ने बुखारी की नियुक्ति पर जताई थी आपत्ति:** सुहैल अहमद खान ने बताया कि दिल्ली वक्फ बोर्ड ने इसके खिलाफ कई बार आवाज उठाई। वक्फ बोर्ड का तर्क है कि बुखारी उसके मुलाजिम हैं, इसलिए इमाम की नियुक्ति का अधिकार केवल उसे है। वक्फ ने साल 2000 में खुद अहमद बुखारी की नियुक्ति के दौरान आपत्ति जताई थी, करीब आठ साल बाद बुखारी की नियुक्ति को मान्यता मिली थी।

**पीढ़ी दर पीढ़ी कब्जा:** भारत में शाही इमाम जैसा कोई पद नहीं है। यह ऐसी उपाधि है जिस पर बुखारी परिवार अपना हक जताता आया है। तबसे यह पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता चला आ रहा है। वर्ष 1650 के बाद से अब तक मौलाना अब्दुल गफूर शाह बुखारी के परिवार के लोग ही जामा मस्जिद के शाही इमाम बनते चले आए हैं।

# संपादकीय

## संदेशखाली: तुष्टिकरण की राजनीति

**पश्चिम बंगाल के** उत्तर 24-परगना जिले में कालिंदी नदी के किनारे बसा गांव संदेशखाली पिछले कई दिनों से चचाओं में है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके दो सहयोगियों पर यहां की महिलाओं ने कथित अत्याचार और यौन उत्पीड़न के कई गंभीर आरोप लगाए हैं। संदेशखाली की पीड़िताओं ने जो बातें जिम्मेदार लोगों को बताई हैं, वह 21 वीं सदी में अकल्पनीय है। ऐसे में अहम सवाल है कि कोई शाहजहां शेख कैसे इतना निरंकुश हो जाता है? शाहजहां जैसे अत्याचारियों को ताकत कहां से मिलती है? इन सवालों का जवाब भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी के बयान के छिपा है। सुधांशु के अनुसार, ह्यजो कुछ संदेशखाली में हो रहा है वो मात्र एक घटना नहीं बल्कि एक राजनीति सोच है, जो 78 वर्ष पूर्व नोआखाली से लेकर आज के संदेशखाली तक बंगाल के लिए नासूर बनती जा रही है। शाहजहां शेख एक व्यक्ति नहीं एक प्रवृत्ति है जिसे मात्र बंगाल में नहीं बल्कि पूरे भारत में एक विशेष प्रकार का सेक्युलर संरक्षण प्राप्त है। राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटें तो पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद नेहरू से वर्तमान तक पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति को समर्पित रही है। आजादी के बाद घरेलू ही नहीं, विदेशी नीति भी तुष्टिकरण से तय होती थी। सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि जिन मुसलमानों के नाम पर कांग्रेस ने देश में तुष्टिकरण की नीति का आगाज किया उन मुसलमानों की माली हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती चली गई। दूसरी विडंबना यह हुई कि कांग्रेसी तुष्टिकरण का संक्रमण क्षेत्रीय पार्टियों, मीडिया, बुद्धिजीवियों तक होता गया। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के बलबूते ही सत्ता में आई थी। सत्ता पर काबिज होने के बाद से तृणमूल की सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदुओं व दूसरे समुदायों की पूरी तरह अनदेखी की। हिन्दुओं के धार्मिक उत्सवों और यात्राओं तक में सरकार ने अड़चन लगाने का काम किया। पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं की जो दुर्दशा हो रही है, वो किसी छिपी नहीं है। तृणमूल के नेता और कार्यकर्ता जिस तरह का अत्याचार कर रहे हैं, वो सुनकर हैरानी होती है कि हम किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहते हैं और पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है। पश्चिम बंगाल हो या फिर दिल्ली, मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर इनमें होड़ है। दिल्ली के दंगों में आम आदमी पार्टी के नेताओं की भूमिका सर्वविदित है। दिल्ली में शाहीन बाग प्रदर्शन के पीछे भी मुस्लिम तुष्टिकरण वाली राजनीतिक ताकतें अपना चेहरा चाहकर भी छुपा नहीं पाई थीं। तेलंगाना में जब बीआरएस और राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तब वहां मुस्लिम तुष्टिकरण ही राज्यनीति था। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल जब सरकार की हिस्सेदार थी, तब वहां भी मुस्लिम तुष्टिकरण चरम पर था। आजादी के बाद देश में जिस मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को जो बीज बोया गया, वह आगे चलकर वटवृक्ष बन गया। भारत दुनिया का इकलौता देश बना जहां बहुसंख्यकों के हितों की कीमत पर अल्पसंख्यकों को वरीयता दी गई। कांग्रेसी तुष्टिकरण का पहला नमूना आजादी के तुरंत बाद देखने को मिला जब देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने गुलामी के पहले कलंक को मिटाने के लिए भव्य सोमनाथ मंदिर बनाने की पहल की।

# अमेरिका नें रूस पर प्रतिबंधों का ऐलान कर नकेल कसी

किशन सनमुखदास

> "साथीयों बात अगर हम रूसी विपक्षी नेता गैलेक्सी नवलेनी की मौत और 500 प्रतिबंधों की करें तो, अमेरिका ने यूक्रेन पर चल रहे हमले और रूस के विपक्ष के नेता एलेक्सी नवेलनी की मौत को लेकर रूस पर 500 नए प्रतिबंधों का एलान किया है। यूक्रेन पर रूसी हमले के दो साल पूरे होने के मौके पर एलान किए गए इन प्रतिबंधों में रूस के प्रमुख कार्ड पेमेंट सिस्टम, आर्थिक और सैन्य संस्थानों और नवेलनी की आर्कटिक सर्कल जेल के अधिकारी भी शामिल हैं। उधर यूरोपीय यूनियन ने भी सैन्य तकनीक को लेकर नए प्रतिबंधों की एलान किया है।गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सैन फ्रांसिस्को में नवेलनी की पत्नी और बेटी से मुलाकात की थी"

**वैश्विक** स्तरपर सर्वविदित है कि रूस यूक्रेन की लड़ाई को 2 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं और 25 फरवरी 2024 से यह तीसरे वर्ष में प्रवेश कर गई है। उधर हमास-इजरायल युद्ध भी लंबा पीछे खींचा जा रहा है। दुनियां बट चुकी है और धड़ाधड़ एक दूसरे पर प्रतिबंधों की बौशार हो रही है जिसका दुष्टपरिणाम मानव प्रजाति पर ही पढ़ रहा है। क्योंकि प्रतिबंधों से उन वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बड़ रही है, सुविधियें घटेगी, शॉर्टेज मचेगी तो व्यवस्थाएं धुयस्थ होगी जिसका प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से दुष्टपरिणाम संबंधित चीजों से नागरिकों पर ही पड़ेगा जिसे रेखा अंकित करना होगा। संयुक्त राष्ट्र शायद इस स्थिति या पावर में नहीं है कि वैश्यविक विवादों या उपरोक्त दोनों युद्ध को रोक सके जिसका अंदेशा आज समाप्त हुए रायसोनी डायलॉग में भारतीय विदेश मंत्री ने के बयान में ही चलता है। इसके पूर्व भी माननीय पीएम कह चुके हैं कि संयुक्त राष्ट्र को सशक्त करने की जरूरत करनी होगी। वैसे तो अनेक देश अपने हालात और सुलभ परिस्थितियों को दिशा देने अनेक प्रतिबन्ध संबंधित देशों पर लगाते रहते हैं, उपरोक्त दोनों युद्ध जिसमें रूस यूक्रेन का अब तीसरा वर्ष शुरू हो चुका है ऊपर से आज दिनांक 24 फरवरी 2024 को अमेरिका नें रूस पर 500 नए प्रतिबंधों का ऐलान कर दिया है, मतलब साफ है की नकेल कसना है। मेरा मानना है यह स्थिति रूसी विपक्षी नेता और रूसी राष्ट्रपति के ध्रुविरोधी गैलेक्सी नवलेनी की मौत को लेकर निकाली गई भड़ास का नतीजा है। इन प्रतिबंधों के बल पर रूसपर नकेल कसना हो सकता है। चुंकि अमेरिका ने रूस पर फिर 500 नए प्रतिबंध लगाने का ऐलान कर दिया है, और रूस पर नकेल कसने की कोशिश की है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धि जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका नें यूक्रेन पर चल रहे हमले और रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलेनी की मौत को लेकर रूस पर 500 नए प्रतिबंध लगाए हैं। साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा रूस यूक्रेन युद्ध की दूसरी बरसी पर रूस पर 500 नए प्रतिबंध लगाने की करें तो, यूक्रेन पर हमले के दो साल बाद अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ ने रूस पर नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। ये प्रतिबंध रूसी राष्ट्रपति के आलोचक और विपक्षी नेता एलेक्सी नवलेनी की मौत के बाद लगाए गए हैं। इससे पहले भी अमेरिका समेत कई पश्चिमी



देशों ने रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की बौछार की हुई है। इनमें रूस के साथ व्यापार पर रोक के अलावा डॉलर में पेमेंट पर प्रतिबंध और रूसी व्यापारियों नेताओं की संपत्तियों की जब्ती जैसे प्रतिबंध शामिल हैं। यूरोपीय यूनियन ने तो रूसी व्यापारिक जहाजों के अपने हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने पर भी प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद रूस ने यूक्रेन पर अपने हमले नहीं रोके हैं। ये हमले दो साल बाद भी उसी तेजी से जारी हैं। पुतिन ने कहा है कि वह यूक्रेन से नवनाजीवादी सरकार के खात्मे तक नहीं रुकने वाले हैं। रूस यूक्रेन के बीच जारी युध्द को दो वर्ष हो चुके है। इस युध्द में पश्चिमी देशों का यूक्रेन के तरफ झुकाव रहा है। युध्द में अमेरिका समेंत कई यूरोपीय देशों ने हथियार से लेकर कूटनीतिक सहयोग किया है। युध्द शुरू होते ही अमेरिका सहित सभी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे। वहीं युध्द के दूसरी वर्षी पर बाइडन सरकार ने 500 से अधिक आर्थिक प्रतिबंध लगाए है। बता दें इसको लेकर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों का ऐलान किया अमेरिका ने रूस के खिलाफ 500 से ज्यादा नए प्रतिबंधों की वजह रूस का यूक्रेन पर हमला और विपक्षी नेता नवलनी की मौत को माना जा रहा है। अमेरिका के इस कदम से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर खतरा मंडरा रहा है। अमेरिका ने प्रतिबंधों के लिए 200 पन्नों की लिस्ट जारी की है। गौर करने वाली बात यह है कि इस लिस्ट से कंपनियां और मेटल सेक्टर, ज्यादा एनर्जी रिलेटेड पनिशमेंट और बैंकों रिलेटेड सेक्टर्स ने नाम गायब हैं। वहीं विशेषज्ञों की माने तो यह वास्तव में रूस की अर्थव्यवस्था को पंगु बनाएगा ही, साथ ही अमेरिका की अर्व्यवस्था को भी इससे झटका लग सकता है। प्रतिबंधों में विदेशी बैंट भी शामिल हो सकते हैं, जो यूक्रेन के खिलाफ युद्ध जारी रखने में लिए टेक्नोलॉजी और मैटिरियल की खरीद में मदद करते हैं।साथ ही ये बैंक रूस की मदद यूरेनियम और एल्यूमीनियम और निकल जैसी धातुओं के व्यापार में भी करते हैं. अमेरिका संभावित रूप से जमी हुई रूसी संपत्तियों को जब्त और बांट सकता है।प्रतिबंध का ऐलान करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि यूक्रेन के बहादुर लोग भविष्य की रक्षा और अपनी फ्रीडम के लिए लड़ते रहे हैं, वहीं नाटो भी अब पहले से कहीं ज्यादा मजबूर और एकजुट हुआ है. उन्होंने कहा किअमेरिका यूक्रेन के समर्थन में रूस की आक्रमकता के लिए जवाबदेह ठहराना चाहते हैं। बता दें कि अमेरिका ने रूस के करीब 100 फर्मों पर सख्त बैन लगाया है।

साथीयों बात अगर हम रूसी विपक्षी नेता गैलेक्सी नवलेनी की मौत और 500 प्रतिबंधों की करें तो, अमेरिका ने यूक्रेन पर चल रहे हमले और रूस के विपक्ष के नेता एलेक्सी नवेलनी की मौत को लेकर रूस पर 500 नए प्रतिबंधों का एलान किया है। यूक्रेन पर रूसी हमले के दो साल पूरे होने के मौके पर एलान किए गए इन प्रतिबंधों में रूस के प्रमुख कार्ड पेमेंट सिस्टम, आर्थिक और सैन्य संस्थानों और नवेलनी की आर्कटिक सर्कल जेल के अधिकारी भी शामिल हैं। उधर यूरोपीय यूनियन ने भी सैन्य तकनीक को लेकर नए प्रतिबंधों की एलान किया है।गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सैन फ्रांसिस्को में नवेलनी की पत्नी और बेटी से मुलाकात की थी।उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि नवेलनी की मौत के लिए रूस के राष्ट्रपति को दोषी ठहराया जाना चाहिए।अमेरिका के इन नए प्रतिबंधों में करीब 100 फर्म और ऐसे लोग भी शामिल हैं जिन्हें निर्यात पर प्रतिबंध का सामना करना है। अमेरिका ने जेल में बंद विपक्षी नेता अलेक्सी नवालनी की मौत और यूक्रेन के खिलाफ जारी युद्ध को लेकर शुक्रवार को रूस पर 500 नए प्रतिबंध लगाए हैं, जिसका लक्ष्य उसकी ऊर्जा आय को और कम करना है, जो युद्ध के प्रयासों को बढ़ावा देती है और बनाए रखती है।अमेरिका ने रूसी युद्ध को पिछले दरवाजे से समर्थन देने वाले देशों के खिलाफ भी 100 प्रतिबंधों की घोषणा की है, जिनमें चीन, संयुक्त अरब अमीरात और लिकटेंस्टीन शामिल हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नए प्रतिबंधों की घोषणा करते हुए कहा, ये प्रतिबंध नवालनी के कारावास से जुड़े व्यक्तियों के साथ-साथ रूस के वित्तीय क्षेत्र, रक्षा औद्योगिक आधार, खरीद नेटवर्क और कई महाद्वीपों को प्रभावित करेंगे।उन्होंने कहा, वे यह सुनिश्चित करेंगे कि पुतिन को विदेश में अपनी आक्रामकता और घरेलू स्तर पर दमन के लिए और भी अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। 47 वर्षीय नवालनी की 16 फरवरी को रूसी जेल में मौत हो गई थी। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा यूक्रेन में अपने सैनिकों को भेजने के बाद से अमेरिका ने रूस में 2,000 से अधिक संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है, ताकि उनकी ऊर्जा आय और युद्ध के लिए सामग्री बनाने के स्रोतों को निचोड़कर रूस को युद्ध जारी रखने से रोका जा सके। लेकिन लगता होता है कि रूस डरने से कोसों दूर है। इसकी अर्थव्यवस्था 2023 में 3 प्रतिशत बढ़ी, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था से भी अधिक है। रूस इसलिए युद्ध जारी रखे हुए है, क्योंकि वह अब फायदे में है। विशेष रूप से यूक्रेन के शस्त्रागार में हथियारों की कमी हो गई है और उसे हथियारों की आपूर्ति की सख्त जरूरत है। यूक्रेन के लिए अतिरिक्त सुरक्षा निधि देने वाला एक कानून अमेरिकी कांग्रेस के सदन कैपिटल हिल पर डेमोक्रेट और रिपब्लिकन के बीच राजनीतिक लड़ाई में फंस गया है।बाइडेन ने अतिरिक्त सुरक्षा निधि विधेयक को मंजूरी देने के लिए प्रतिनिधि सभा को नियंत्रित करने वाले रिपब्लिकन पर दबाव डालते हुए कहा इतिहास देख रहा है।

# कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

---------

## निशाने पर 'व्हिसिल ब्लोअर्स

तनवीर जाफरी

**हमारे देश में** भ्रष्टाचार मिटाने,भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने जैसे दावे तो लगभग सभी सरकारों द्वारा बड़े ही जोर शोर से किये जाते रहे हैं। परन्तु हकीकत शायद इससे कुछ अलग ही है। दिन प्रतिदिन भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर फलफूल रहा है। भ्रष्टाचार में संलिप्त लोग सत्ता के संरक्षण में स्वयं को सुरक्षित कर रहे हैं। देश के लाखों करोड़ रुपए लेकर तमाम ठग व भगौड़े विदेशों में पनाह ले चुके हैं। बड़े व्यवसाय व ठेकों पर उद्योगपतियों के नेटवर्क का लगभग पूर्ण नियंत्रण हो चुका है। यहाँ तक कि बड़े उद्योगपतियों द्वारा छोटे व्यवसायियों को 'निगलने ' का खेल भी खेला जा रहा है। एक तरफ जहाँ भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने और उन्हें गले लगाने के कई उदाहरण सामने हैं वहीं दुर्भाग्यवश ऐसे भ्रष्टाचारियों की पोल खोलने व उन्हें बेनकाब करने वाले 'व्हिसिल ब्लोअर्स ' की सुरक्षा भी एक बड़ी चिंता का विषय बानी हुई है। हमारे देश में 'व्हिसिल ब्लोअर्स ' की हत्या से लेकर उनपर हमलों व मुकदमों जैसी अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। अनेक आर टी आई कार्यकताओं की हत्या व उन पर हमले हो चुके हैं। जबकि हमारे देश में व्हिसल ब्लोअर को 'व्हिसलब्लोअर्स संरक्षण अधिनियम, 2014' द्वारा संरक्षित भी किया जाता है। कानून में उनकी पहचान की सुरक्षा के साथ-साथ उनके उत्पीड़न को रोकने के लिये कठोर मानदंडों को भी शामिल किया गया है।

परन्तु पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मालिक मालिक जैसे वरिष्ठ नेता के करीब 30 ठिकानों पर सी बी आई द्वारा की गयी छापेमारी के बाद एक बार यह सवाल फिर उठने लगा है कि सरकार आखिर किसके साथ है ? भ्रष्टाचारियों या रिश्वतखोरों के साथ या 'व्हिसलब्लोअर्स' के साथ ? सत्यपाल मलिक ने कहा कि उनके घर पर सीबीआई ने जो छापा मारा है वो "नहीं होना चाहिए था" क्योंकि जिस किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट के सिलसिले में उनके घर पर छापा डाला गया है उसमें वो असल में "व्हिसल ब्लोअर और शिकायतकर्ता" थे। इस छापेमारी के बाद उन्होंने फिर दोहराया कि "ये वही किरु मामला है जिसमें मैंने कहा था कि मुझे 150 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की कोशिश की गई थी लेकिन मैंने फाइल पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। लेकिन मैंने जिन गुनहगारों के नाम लिए थे उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय सीबीआई ने 'व्हिसलब्लोअर' के खिलाफ ही कार्रवाई करने का फैसला किया." मालिक ने यह भी आरोप लगाया कि "सरकार अपने आलोचकों को चुप कराना चाहती है। विपक्षी दल भी पूर्व राज्यपाल के ठिकानों पर की गयी सी बी आई छापेमारी को असंतोष की आवाजों को दबाने वाला कदम बता रहे हैं। इसे भारतीय किसानों के गुस्से से ध्यान भटकाने की कोशिश भी बताया जा रहा है।

# विचार

## सन-सैंड-सीह्नसंग राष्ट्रवाद भी जुड़ा गोवा के साथ

आर.के. सिन्हा

**गोवा अपनी छवि का** विस्तार करने का संकल्प ले चुका है। उसकी चाहत है कि उसे उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा भी उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक ऐसी धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। चूंकि गोवा पर लम्बे समय तक पुर्तगाली शासन रहा है, तो इसका असर यहां पर अब भी गिरिजाघरों, घरों और दूसरी इमारतों के आर्किटेक्चर को देखकर समझ आने लगता है। पुर्तगालियों ने गोवा पर लगभग 450 सालों तक शासन किया। पुर्तगालियों ने यहाँ के संस्कृति का नामोनिशान मिटाने के लिए बहुत प्रयास किए, लेकिन यहाँ की मूल संस्कृति इतनी मजबूत थी की धर्मांतरण के बाद भी वो मिट नहीं पाई।

गोवा के मुख्यमंत्री डॉ प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को विकसित बनाने का दृढ़ संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री खुद कई बार यह कह चुके हैं कि गोवा को लेकर एक खास तरह की इमेज बना दी गई है।, यह संत सोहिरोबनाथ आंबिये, आद्य नाटककार कृष्णभट्ट बांदकर, सुरश्री केसरबाई केरकर, आचार्य धमानंद कोसंबी और पद्म विभूषण रघुनाथ माशेलकर जैसी विभूतियों की धरती है। गोवा का जुझारूपन, संघर्ष इतिहास की किताबों में भी परिलक्षित होता है। अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा के लोगों ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा। जिसकी वजह से यह कहा जाए कि सबसे बड़ा कन्वर्जन गोवा में हुआ तो गलत नहीं होगा। इतना सबकुछ होने के बावजूद गोवा वह राज्य है जिसने मंदिरों का पुनर्निमाण कराया। 16वीं शताब्दी में जो मंदिर पुर्तगालियों ने नष्ट किया था, उस सप्त कोटेश्वर मंदिर को छत्रपति शिवाजी जी ने बनवाया था। प्रमोद सावंत सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए इस मंदिर को भी री-डवलप करने का बीड़ा उठाया है। आध्यात्मिक राष्ट्रवाद की यह कवायद गोवा की सूर्य, रेल और समुद्र या ह्यसन, सेंड और सीह्न की पहचान को नया आयाम देने वाली साबित होगी। गोवा के लोग सरकार के इस कदम से कितने उत्साहित है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि स्थानीय निवासी खुद मंदिरों की प्रतिष्ठा कर रहे हैं। राज्य सरकार ने इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए एक कमेटी गठित की थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पुर्तगालियों के 450 साल के शासन में गोवा में लगभग 900 से अधिक मंदिर तोड़े गए। आध्यात्मिकता की राह पर आगे बढ़ता गोवा आज विकास के विभिन्न पैमानों पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। स्वयंपूर्ण गोवा मिशन जमीनी स्तर पर जन सामान्य को सशक्त कर रहा है। जन सशक्तता के लिहाज से प्रमोद सावंत ने अपने पहले कार्यकाल में ही कई योजनाएं शुरू कर दी थी, जिसमें से स्वयंपूर्ण गोवा मिसाल है। प्रमोद सावंत ने पहले कार्यकाल में हाउसिंग फॉर ऑल, इलेक्ट्रीसिटी फॉर आल, फाइनेंशियल सिक्योरिटी फॉर आल, हेल्थ फॉर आल, इक्यूवमेंट फॉर दिव्यांग, किसान क्रेडिट कार्ड फॉर आल समेत कुल दस लक्ष्य निर्धारित किए थे। इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों के सुखद नतीजे अब आने लगे हैं। गोवा सौ प्रतिशत घरों में नल से जल और बिजली आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इतना ही नहीं भारत वर्ष में गोवा पहला राज्य है, जहां प्रत्येक गांव में सड़कें हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करने के मामले में भी गोवा बाकियों के लिए एक नजीर है। पूरे राज्य में उज्ज्वला योजना सौ प्रतिशत लागू हो गई है । गोवा अब किरोसीन मुक्त राज्य है। गोवा, शत प्रतिशत शौचालय निर्माण वाला भी देश का पहला राज्य है। ऐसी योजनाओं की संख्या एक दो नहीं बल्कि 13 हैं, जिन्हें लागू करने में गोवा अग्रणी है। कभी दूध से लेकर कृषि उत्पादों तक के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर रहने वाला गोवा आज आत्मनिर्भरता की राह पर सतत आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने 2047 तक विकसित गोवा का आह्वान किया है। गोवा सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट पर लगातार कार्य कर रही है। आईटी, आईआईटी सेक्टर के लिए ह्यूमन रिसोर्स तैयार करने के लिए विशद योजनाएं बनाई जा रही है। गोवा को साफ्टवेयर पॉवर के तौर पर भी विकसित किया जा रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# व्यंग्य

## कैसे-कैसे विज्ञापन

**डॉ. सुरेश कुमार**

आँखों की रोशनी कम होने पर ऐनक लगाया जा सकता है, लेकिन बुद्धि मंद पड़ने पर ऐसे ऐनक शायद ही मिलते हों। यह बात मुझे तब समझ में आती है जब मैं टी.वी. पर विज्ञापन देखता हूँ। ये विज्ञापन भी यूपीएसएसी के सवाल हो चले हैं। विज्ञापन आन का होता है और मैं कान समझने लगता हूँ। विज्ञापन देखना और समझना भी एक कला है। यह सबके बस की बात नहीं है। विज्ञापनकर्ता सीधे-सीधे कोई चीज दिखाने-समझाने के लिए राजी ही नहीं है। जब देखो तब अनबुझ पहेली की तरह विज्ञापन चला देता है। विज्ञापन भी बड़े गजब-गजब के होते हैं। पहले कुछ सेकंड तक टूरिज्म का प्रचार प्रसार सा लगने वाला विज्ञापन आगे चंद सेकंडों में सूट-बूट पर आ जाता है। अंत में पता चलता है कि यह विज्ञापन न तो टूरिज्म का था और न ही सूट-बूट का, बल्कि यह तो किसी गुटखे का ताम-झाम था। विज्ञापन को समझने में सिर खुजलाते बैठ जाते हैं और उधर इस तरह के एक से बढ़कर एक विज्ञापन चलते रहते हैं। कोल्ड ड्रिंक के विज्ञापनों का कहना ही क्या। इन्हें पीने का मतलब मौत को दावत देना है। इसमें एक महाशय एक बोतल के लिए चिंपाजी की तरह बिल्डिंगें फांद रहे हैं। कहीं तार पर लटक रहे हैं। कहीं हाई जंप लगा रहे हैं। मात्र एक बोतल के लिए ओलंपिक्स के सारे गेम खेल डालता है। कभी-कभी तो लगता है कि ऐसे चिंपाजियों को ओलंपिक्स में मेडल की जगह कोल्ड ड्रिंक की एक बोतल दिखा दी जाए तो ऐसे ही 20-25 मेडल झटककर ले आएँ। बेफिजूल में इतना बड़ा कुनबा भेजने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है। वह तो भला हो कि ओलंपिक्स इंसानों के लिए होता है, ऐसे जानवर चले जाते तो ओलंपिक्स, ओलंपिक्स नहीं तमाशे का चिड़ियाघर बनकर रह जाता। उधर एक और विज्ञापन है जो यह दावा करता है कि उसका कपड़ा पहनने से आप मिस्टर परफेक्ट बन जायेंगे। मुझे यह समझ में नहीं आता कि अब तक की हमारी शिक्षा व्यवस्थाएँ, योजनाएँ, हमारे संस्कार, आचार-विचार अरबों-खरबों का पैसा लुटाने पर भी एक अदद अच्छा इंसान बनाना तो दूर तमीज के गुर सिखाने में कामयाब नहीं हो पाएँ। दुर्भाग्य से मिस्टर परफेक्ट बनाने वाले कंपनी का मालिक खुद घर से दरबदर हो गया। वह दुनिया को परफेक्ट बनाने चला था और खुद इनपरफेक्ट बनकर रह गया।

## कुर्सीलाल और चिपकु बाबा

वीरेंद्र कुमार जाटव

**हाल ही में** दक्षिणी दिल्ली के देवली खानपुर इलाके में एक व्यक्ति को गाय के द्वारा हमला कर मार देने की घटना बेहद दर्दनाक, खौफनाक और हृदय विदारक है.जवाहर पार्क निवासी सुभाष झा अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के लिए देवली रोड पर आए थे. कल्पना कीजिए उस खौफनाक मंजर का जब एक अबोध बालक के सामने उसके पिता को आवारा पशु ने पटक पटक कर मारा था. इस बालक के बाल मन पर क्या इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा यह एक मनोवैज्ञानिक ही समझ सकते हैं. इस परिवार पर जो पहाड जेसी आफत आ पड़ी है उसका सामना कैसे करेंगे यह एक बड़ा प्रश्न है. इस घटनाक्रम से दिल्ली की नगर निगम, दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार को जरूर सबक लेना चाहिए कि ग्रामीण शहरी क्षेत्र में किस तरह से आवारा पशुओं की एक बड़ी समस्या है. दुख इस बात का भी है कि दिल्ली सरकार ने अभी तक मुआवजे का ऐलान नहीं किया. माननीय दिल्ली हाई कोर्ट संज्ञान लेते हुए जिम्मेवार सिविक एजेंसियो को तलब किया जाए और उचित कार्रवाई की जाए. अक्सर ग्रामीण शहरी क्षेत्र में ऐसी घटनाएं होती लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाता है. यदि लगातार निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी तो ऐसे दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम पर कुछ हद तक रोक लगाई जा सकती है। दिल्ली नगर निगम में इस घटना के बाद जरूर कार्रवाई की है. एमडी दिल्ली के सभी ग्रामीण ट्रस्ट भूमि वाले शहरीकृत क्षेत्र की निगरानी सीसीटीवी के द्वारा करनी चाहिए जिसको दिल्ली सरकार नहीं लगाया है और हर विधानसभा में एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिल्ली के मेयर के साथ समीक्षा बैठक की जाए और रिपोर्ट जारी की जाए और रिपोर्ट जारी की जाए. यह भी एक पहलू है कि इस तरह के कार्यों में इच्छा शक्ति का अभाव रहता है किसी भी सरकार के द्वारा, जिसकी कीमत इंसानों को जान देकर चुकानी पड़ती है. इससे पहले बुराड़ी में ऐसी घटनाक्रम हुआ था जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी. क्या दिल्ली नगर निगम के कर्मचारी अधिकारी इन क्षेत्रों का दौरा करते हैं जाहिर सी बात है इनको जानकारी सब होती है लेकिन कार्रवाई नहीं की जाती है।

# विज ने अपने आवास पर सैंकड़ों लोगों की सुनी समस्याएं

## ट्रक लेने के नाम पर उससे पहले 13 लाख रुपए की ठगी की गई जिसके बाद आरोपियों ने उससे जमीनी धोखाधड़ी भी की

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के दिशा-निर्देश दिए। यमुनानगर से आए फरियादी ने लाखों रुपए की ठगी के मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी। उसने बताया कि ट्रक लेने के नाम पर उससे पहले 13 लाख रुपए की ठगी की गई जिसके बाद आरोपियों ने उससे जमीनी धोखाधड़ी भी की। इसपर गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी यमुनानगर को एसआईटी गठित करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह नारायणगढ़ से आए किसान ने जमीन के सौदे में धोखाधड़ी की शिकायत दी जिसपर



मंत्री विज ने एसपी अम्बाला को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। किसान का आरोप था कि उसने आरोपियों के साथ जमीनी सौदा किया था और दो करोड़ में सौदा तय हुआ, मगर आरोपियों ने बयाने के तौर पर केवल 30 लाख रुपए दिए और शेष रकम के चैक दिए जोकि बाउंस हो गए। इसी प्रकार अम्बाला निवासी व्यक्ति ने उसके बेटे की नशा मुक्ति केंद्र में संदिग्ध मौत की शिकायत दी जिसपर अम्बाला एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अम्बाला शहर निवासी डाटा एनालिस्ट महिला ने पति द्वारा उसे साथ न रखने की शिकायत दी जिसपर अम्बाला एसपी को मंत्री अनिल विज ने कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा कैथल निवासी महिला ने पति पर उसे प्रताडित करने, अम्बाला छावनी निवासी परिवार ने बेटी के लापता होने, पलवल निवासी फौजी ने जमीन की पैमाइश नहीं होने, माल रोड निवासी महिला ने जमीनी विवाद के चलते उन्हें धमकियां मिलने, रौलों गांव निवासी

महिला ने पति पर उससे मारपीट करने के आरोप लगाए। वहीं, कैथल निवासी फरियादी ने मारपीट मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी। गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष अन्य मामले भी आए जिनपर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।

# पीएम मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान ने बदला देशवासियों का जीवन: सुधा

**अभियान**

8 स्वच्छता को हमें आपने आचरण में इस तरह अपनाना चाहिए कि ये हमारी आदत बन जाए

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान ने तमाम देशवासियों के जीवन को बदलने का काम किया है। समाज के अंतिम छोर पर काम कर रहे व्यक्ति के लिए प्रधानमंत्री मोदी के अथक प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छता जैसे छोटे-छोटे विषयों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में बड़ा बदलाव किया है। हम सब लोगों की भी जिम्मेदारी है कि इस स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग दें और अपने देश व समाज



को स्वच्छ बनाए।विधायक सुभाष सुधा रविवार को निरंकारी सभा मिशन द्वारा सन्निहित सरोवर पर चलाए गए स्वच्छता अभियान में श्रमदान करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। विधायक ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता आज वक्त की सबसे बड़ी मांग है। स्वच्छता में ही भगवान का निवास होता है। साफ-सफाई हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है क्योंकि स्वच्छ वातावरण में ही प्राणी स्वस्थ रह सकता है और स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मानसिकता का स्थान होता है। स्वच्छता को हमें आपने आचरण में इस तरह अपनाना चाहिए कि ये हमारी आदत बन जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ओर आगे बढाते हुए पहली बार प्रदेश में स्वच्छता टास्क फोर्स का गठन किया है। इस मौके पर जोनल इंचार्ज सुरेंद्र पाल, केवल कृष्ण अरोड़ा, बाल कृष्ण मस्ताना सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भगवान गौशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया



**कुरुक्षेत्र/शाहबाद**

**शाहबाद** मारकंड के गांव ढोला माजरा में बनी इच्छाधारी पीर धुना श्री चंद भगवान गौशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने शिरकत की व गौशाला कमेटी को अपने निजी कोष से ई-रिक्शा भेंट की।

समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि गौ सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं होती, गौमाता में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ गौमाता की सेवा करने से भी मनुष्य के सभी पाप कट जाते हैं। इसलिए जितना हो सकें गौमाता की सेवा करनी चाहिए और गौमाता को सडकों पर धक्के खाने के लिए नहीं छोड?ा चाहिए, अगर गौमाता दूध देना बंद भी कर दे तब भी उसकी सेवा करनी चाहिए, गौमाता की सेवा करने से फल की प्राप्ति अवश्य होती है। वहीं गौशाला के संचालक हरसिमरन दास ने बताया कि समाजसेवी संदीप गर्ग एक नेक दिल के इंसान है, वह समाजसेवा के साथ-साथ हर मनुष्य का साथ देने के लिए तत्पर रहते है। वह जब

**वितीय सहायता**

8 समाजसेवी एवं नेता ंदीप गर्ग ने शिरकत की व गौशाला कमेटी को अपने निजी कोष से ई-रिक्शा भेंट की

भी संदीप गर्ग को गौशाला के लिए कोई कार्य कहते है तो वह कभी पीछे नहीं रहते। उन्होंने बताया कि संदीप गर्ग ने अपने निजी कोष से ई-रिक्शा भेंट की। जो शाहबाद मारकंडा के कई गांवो में प्रतिदिन जाएगी और लोगों के घरों से गौमाता के लिए रोटियां व सब्जी आदि लेकर आएगी। उन्होंने बताया कि गौशाला में लगभग 250 गौवंशो का पालन-पोषण किया जा रहा है। मौके पर गांव मथाना से सत्यानंद गिरी जी महाराज, जितेन्द्र कुमार, संजय कुमार, नरेन्द्र कुमार, केहर सिंह, रामकुमार शास्त्री, जगमाल सिंह, महिन्द्र सिंह, निर्मल सिंह, हेमप्रकाश शर्मा, सुरजीत सिंह, अतुल गोयल आदि मौजूद थे।

# कुछ तो है सरकार तेरी सरकारी में, क्या रखा है झूठी दुनियादारी में

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पिपली रोड़ स्तिथ जिला कारागार के पीछे स्तिथ प्राचीन वृद्ध कन्या कुमारी तीर्थ के समीप शनिवार रात्रि प्रथम श्री खाटू श्याम जागरण एवं भंडारा आयोजित किया गया। आयोजक विकास भट्ट परिवार ने सभी श्रद्धालुओं के साथ श्याम पूजन में हिस्सा लिया। आयोजक परिवार की ओर से सम्मान के रूप में सभी भक्तों को श्याम जी का स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में तीन गायकों लखबीर सिंह लक्खा,करनाल से अमृत अंजलि और हर्ष गोयल ने श्याम जी के मधुर भजनों से समां बांधा। सांवरिया ले चल परली पार..., 



हारा हूं बाबा पर तुझ पर भरोसा है..., कुछ तो है सरकार तेरी सरकारी में, क्या रखा है झूठी दुनियादारी में ...., बोलो-बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय..., लुटा दिया भंडार खाटू वाले ने, कर दिया मालामाल खाटू वाले ने... और श्याम ऐसी कृपा बरसा दो.... इत्यादि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। इसके अलावा श्याम भक्तों की

**बाबा के दर पर**

8 आयोजक विकास भट्ट परिवार ने सभी श्रद्धालुओं के साथ श्याम पूजन में हिस्सा लिया

फरमाईश पर श्याम धमाल और घूंघटियों भजन ठेठ राजस्थानी बोली में सुनाया गया। श्याम दरबार में लगातार श्याम जी के जयकारें लगते रहे। श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की। श्याम जी की हाजिरी भरने के लिए भक्तों में होड़ लगी रही। संकीर्तन के दौरान श्याम जी की गाथा में बताया गया कि यें हारे के सहारे हैं। इनके दरबार से आज तक कोई निराश नहीं आया। श्याम जागरण के दौरान देवी देवताओं की झांकियां भी दिखाई गई। जागरण की आरती के बाद श्याम जी का पुष्प श्रृंगार लेने के लिए भक्तों में होड़ लगी रही। श्याम आरती में लक्ष्मीनारायण शर्मा,रोहताश भारद्वाज,मनोज कंसल, राकेश गुप्ता, पवन गुप्ता, सन्नी गुप्ता,सागर, शिवम, बंटी,रुद्र कुमार, सतीश,जीत कुमार,भरत कुमार, रमा भट्ट,पूजा भट्ट, आरती,रेखा,प्रीति और टीना सहित बड़ी संख्या में श्यामप्रेमी शामिल हुए।

# पूर्व की सरकारों ने शिवालिक तलहटी क्षेत्र की पूरी तरह से उपेक्षा की: कृष्ण बेदी

**चण्डीगढ़/नारायणगढ़:**

हरियाणा प्रदेश के गठन के बाद से पहले की सरकारें शिवालिक तलहटी क्षेत्र के लोगों की उपेक्षा करती आई हैं अन्यथा विकास की दृष्टि से यह सुंदर क्षेत्र बहुत पहले ही ऊंचाइयों को छू लेता। ये शब्द पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता के साथ-साथ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रभारी कृष्ण बेदी ने स्थानीय पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में अपने नारायणगढ़ प्रवास के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहे।

# 'अभिभावकों को बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवानी होगी'

**समालखा**

**कुलदीप सिंह: करनाल** लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने रविवार को समालखा के रविदास भवन में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर कहा कि यदि इस देश को जातिवाद व अंधविश्वास से बाहर निकालना है तो सभी अभिभावकों को बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवानी होगी। उन्होंने कहा कि समाज सुधारक संत गुरु रविदास ने अपनी दिव्य वाणियों से जनमानस को सच्ची मानवता तथा भाईचारे का प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने सदैव समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरूद्ध आवाज उठाई और समाज में



फैले अंधविश्वास, जातपात, छुआछूत, रूढ़िवादको दूर करने के लिए सभी प्रयास किए। इनकी आदर्श वाणी तथा सिद्धांत आज भी समाज में भाईचारे और सौहार्द्धपूर्ण वातावरण बनाए रखने में समाज का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

संजय भाटिया ने कहा कि उनके विचारों की प्रासांगकिता वर्तमान युग में और भी बढ़ गई है। उन्होंने धर्म

**अंधविश्वास**

8 धर्म और विचार की भिन्न शाखाओं को जोडने का एक अदभुत सेतु बनाया,वे ऐसा संसार चाहते थे

और विचार की भिन्न शाखाओं को जोडने का एक अदभुत सेतु बनाया,वे ऐसा संसार चाहते थे, जिसमें बिना किसी दुख-दर्द, डर और भेदभाव के बिना सभी मनुष्य भूख रहित सुखी जीवन व्यतीत कर सके।

# बजट में पेंशनर्स को कोई राहत न दिए जाने पर सरकार के खिलाफ रोष: मेहता



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा बिजली पेंशनर्स एसोसिएशन यूनिट कुरुक्षेत्र की मासिक बैठक आज पंजाबी धर्मशाला के सभागार में मंगतराम मेहता की अध्यक्षता में हुई । मंच संचालन रोशन लाल बुद्धिराजा ने किया। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न लंबित मुद्दों पर चर्चा हुई । बैठक में सरकार द्वारा बजट में पेंशनर्स तथा कर्मचारियों के बारे में सरकार द्वारा कोई राहत ने दिए जाने की घोर निंदा की गई जिसमें पेंशनर्स में भारी रोष है।

पेंशनर्स काफी समय से सरकार से मांग कर रहे हैं कि पेंशनर्स जिनकी आयु 65- 70-75 पार हो चुकी है उन्हें पेंशन में 5 -10 -15 % की बढ़ोतरी दी जाए तथा कॉम्यूटेशन की राशि 15 वर्ष की बजाय 12 वर्ष में काटी जाए तथा पेंशनर्स को भी 100 यूनिट प्रति माह की बिजली फ्री सुविधा प्रदान की जाए ।अब

**रोष प्रकट किया**

8 सरकार से मांग कर रहे हैं कि पेंशनर्स जिनकी आयु 65-70-75 पार हो चुकी है

हरियाणा बिजली पेंशनर्स एसोसिएशन कुरुक्षेत्र यूनिट ने 75 - 80 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सीनियर सिटीजन को 14 3.2024 को सम्मानित करने की योजना बनाई है जिसकी पूरी तैयारी की जा चुकी है जिससे पेंशनर्स में खुशी की लहर व्यापत है । इस अवसर पर हंसराज खुराना, के .सी . वर्मा ,हरिश्चंद्र सिढाना अनिल कुमार, राजपाल कोहली, सुदर्शन कुमार, अश्विनी कुमार ,आर. डी. कौशिक.सरदार स्वर्ण सिंह, हुकुमचंद सैनी, रतना राम आदि बहुत से पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# डॉ. आशीष अनेजा इंस्पायरिंग इंडियन अवार्ड से सम्मानित

**निजात**

8 एक डॉक्टर होने के नाते मानव समाज की सेवा करना नैतिक जिम्मेवारी भी है

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केन्द्र के प्रशासक एवं स्वास्थ्य अधिकारी गैपियो और एसीपी सदस्य डॉ. आशीष अनेजा को स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित इंस्पायरिंग इंडियन अवार्ड एवं यूथ वर्ल्ड डायमंड अवार्ड 2024 से सम्मानित किया



गया है। मधुमेह के क्षेत्र में उत्कृष्ट जन सेवा कार्यों और 500 से ज्यादा फ्री हेल्थ कैंप लगाने के लिए इंस्पायरिंग इंडियन अवार्ड फंक्शन एवम डायबिटीज कॉन्फ्रेंस नई दिल्ली में यह सम्मान प्रदान किया गया। । इस अवसर बतौर विशिष्ट अतिथि डॉ. आशीष अनेजा ने कार्यक्रम के एक सत्र की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जीवन में मानव की सेवा सबसे बड़ा धर्म है तथा एक डॉक्टर होने के नाते मानव समाज की सेवा करना नैतिक जिम्मेवारी भी है और मानव धर्म भी है। उन्होंने कहा कि मानवता के कल्याण के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था बनाने में सभी सहयोगियों ने मिलकर सहयोग दिया। इसलिए सभी संस्थाएं और सहयोगकर्ता भी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर डॉ. अनेजा ने इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित करने के लिए इंस्पायरिंग इंडियन अवाड्र्स की सभी टीम के सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त किया।गौरतलब है कि बेहतरीन सेवा कार्यों के लिए पहले भी डॉ. अनेजा को स्वास्थ्य रतन सेवाश्री सम्मान, मातृभूमि समाज सेवा गौरव अवार्ड, तीन बार गैपियो लीडरशिप अवार्ड, हिंद आइकोनिक अवार्ड, कोरोना वारियर अवार्ड, आइकोनिक पर्सनैलिटी ऑफ इंडिया अवार्ड और बेस्ट डॉक्टर इन डाइबिटीज केयर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

# डॉ. अशोक ने 167 बार रक्तदान के साथ 81वीं बार दान किए प्लेटलेट्स

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** आज पुनः एक बार प्लेटलेट्स की आवश्यकता की सूचना मिलने पर डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्लेटलेट्स दान किए। आज उनके पास पार्थ ब्लड बैंक से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति के लिए प्लेटलेट्स की बहुत अधिक आवश्यकता है तो वे सीधे पार्थ ब्लड बैंक पहुंचे और प्लेटलेट्स दान किए। आज पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा 167 बार रक्तदान के साथ 81 वीं बार



प्लेटलेट्स दान किए हैं। बता दें कि रक्तदान के लिए उन्हें दूसरी बार गोल्ड मैडल मिलने जा रहा है।

# श्री गुरु रविदास जी ने सबको एकता के सूत्र में बांधा: मिहा सिंह रंगा

**प्रेरणास्त्रोत**

8 हम सबको गुरुओं के दिखाएं मार्ग पर चलकर देश , समाज और मानवता की सेवा करनी चाहिए

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी के 647 में प्रकाश उत्सव को बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया ।इस अवसर पर स्वीटी रंगा नलवी और समाजसेवी मिहा सिंह रंगा शाहबाद हल्के के गांव कलसाना, मामू माजरा नगला,



नलवी, गोलपुरा, भोकर माजरा,जौनपुर,मोहनपुर ,हबाना, अहमदपुर, रतनगढ़, किशनगढ़, त्योडा मछरोली , खंरिडवा , धंतोडी, सुडपुर, अजराना कला, अजराना खुर्द , अजरानी, चीबा धूराला ,सराय सुखी , बडाम गावों में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद लिया। स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी ने सबको एकता के सूत्र में बांधने का प्रयास किया ।स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि हम सबको गुरुओं के दिखाएं मार्ग पर चलकर देश , समाज और मानवता की सेवा करनी चाहिए।

# 'शहर में नहरी पानी लाने के लिए प्लानिंग बनाई और नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया'

## जब वह पहली बार शहर से विधायक बनने तो पानी की किल्लत थी, लोगों को रात रात भर जागना पड़ता था

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि 10 साल तक वह अंबाला शहर से विधायक रहे और लोगों ने जो भी समस्या रखती प्राथमिकता के आधार पर हर किया। उन्होंने कहा कि जब वह पहली बार शहर से विधायक बनने तो पानी की किल्लत थी, लोगों को रात रात भर जागना पड़ता था। अधिकारियों के साथ बैठक की और नहरी पानी को अंबाला शहर में जाने की प्लानिंग बनाई, लेकिन अधिकारियों ने नामुमकिन बोलते हुए योजना को ठंडे बस्ते में जाने का प्रयास किया, लेकिन प्लानिंग व सही नियत से काम किया और नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया। ये ही कारण है कि आज अंबाला शहर में पानी की किल्लत नहीं और बिना किसी मोटर के पानी टैंकियों में भर जाता है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत अंबाला शहर परशुराम नगर, कौला, बड़ी घेल, विश्वकर्मा धर्मशाला कंचघर व काली मंदिर धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर अंबाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने कई प्रोग्रामों में उनके साथ रही और 11वीं व 12वीं के बच्चों को वितरित किए जाने वाले साइकिल वितरण कार्यक्रम भागीदारी करते हुए बच्चों को प्रोत्साहित किया। साथ ही विनोद शर्मा ने कहा कि 10 साल तक वह विधायक रहे हैं और विधायक रहते



हुए अंबाला के युवाओं को सरकारी नौकरी में हक दिलाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। शायद ही शहर का कोई ऐसा वार्ड होगा, जहां पर युवाओं को उनके समय में सरकारी नौकरी न मिली हो, लेकिन पिछले 10 सालों में अंबाला के युवाओं की अनदेखी की गई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि वर्ष 2009 में अंबाला शहर में आईएमटी स्थापित करवाया गया। अंबाला व रोहतक में एक साथ आईएमटी बनाने की घोषणा की गई। उन्होंने कहा कि कुछ कांग्रेसी नेताओं ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए अंबाला में आईएमटी का विरोध किया, ऐसा नहीं कि विरोध रोहतक में बनने वाली आईएमटी का नहीं, लेकिन फिर भी उस समय दिल्ली से अंबाला में बनने वाले आईएमटी को कैंसिल करने के आदेश आ गए। कुछ कांग्रेसी नेताओं ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए अंबाला के युवाओं से उनका हक छीन लिया। साथ ही उन्होंने कहा कि रोहतक में अंबाला से ज्यादा विरोध हुआ, लेकिन फिर भी आईएमटी बना दी गई। वर्तमान में वहां पर 50 हजार युवाओं को रोजगार मिला हुआ है और यदि अंबाला में आईएमटी लगती तो अभी तक यहां पर भी अंबाला के करीब 20 हजार युवाओं को रोजगार मिल चुका होता।

# 20 मार्च को चुलकाना धाम में होगा भव्य फाल्गुन महोत्सव

## सांसद संजय भाटिया और डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने संयुक्त रूप से चुलकाना गांव से किया स्वच्छता और सफाई अभियान का शुभारंभ

**कुलदीप सिंह**
**समालखाः करनाल** लोकसभा सांसद संजय भाटिया व डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने रविवार को पानीपत के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ चुलकाना गांव से सफाई और स्वच्छता अभियान की शुरूआत की।

सांसद संजय भाटिया ने उपस्थित सभी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुलकाना गांव में ऐतिहासिक बाबा श्याम का मंदिर इस बात का गवाह है कि यहां लाखों श्रद्धालु बाबा के चरणों में नतमस्तक होने आते हैं। इसी सेवा में सफाई और स्वच्छता भी आती है। सभी का नैतिक दायित्व है कि चुलकाना गांव को साफ सुथरा बनाया जाए और



इसकी शुरूआत मंदिर परिसर से की गई है। आगामी 20 मार्च तक लगातार साफ सफाई व्यवस्था होगी।

उन्होंने कहा कि यह श्याम बाबा की ही कृपा है कि उन्होंने हम सबके मन में यह भाव डाला है कि हम इस चुलकाना धाम को साफ और स्वच्छ बनाएं ताकि आने वाले धार्मिक श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी ऐतिहासिक तीर्थ स्थलों को उपेक्षित भाव से बाहर निकाल कर मिसाल कायम की है। इसी भावना के साथ हम सबको इस ऐतिहासिक तीर्थ स्थल पर मन के भाव के साथ काम करना है। उन्होंने कहा कि 20 मार्च को आयोजित मेले को लेकर अभी से ही सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। किसी भी श्रद्धालु को कोई

**तीर्थ स्थलों**

**8 डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि मंदिर परिसर को जगमग किया जाएगा**

दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।

डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि मंदिर परिसर को जगमग किया जाएगा और इसके आने वाले रास्तों में भी 90 लाइट लगाने का प्रावधान किया जा रहा है। यही नहीं परिसर के इर्द-गिर्द के सभी रास्ते ठीक किए जाएंगे ताकि श्रद्धालुओं को पैदल आने में भी कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने कहा कि चुलकाना मंदिर को पॉलिथीन फ्री करने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे इसके लिए भी प्लास्टिक दाना बनाने के प्लांट लगाने पर विचार किया जाएगा ताकि मंदिर परिसर की सारी पॉलीथिन इकट्ठी कर उसे प्लांट में लाई जाए और प्लास्टिक दाना बनाकर उसे उचित दर पर बाजार में बेचा जाए और उस कमाई को मंदिर पर ही खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के पास इसके लिए बजट उपलब्ध है बजट की कोई दिक्कत नहीं होगी।

सांसद और डीसी ने की मंदिर परिसर में सफाई।
सांसद संजय भाटिया ने मंदिर परिसर में विभिन्न समाजसेवियों के साथ झाड़ू लगाकर सेवा की, यही नहीं डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने बाबा श्याम के मंदिर में लगी ग्रिल को अपने रुमाल से साफ कर अपनी सेवा दी।

# किसानों का संकल्प हुड्डा के साथ-पदम

## हुड्डा के संकल्प पत्र को लेकर गाँव रोहणा,मटिण्डू और छिनौली में घर घर पहुँचे कार्यकर्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखोदाः घर** घर कॉंग्रेस, हर घर कॉंग्रेस अभियान के तहत गाँव रोहणा, मटिण्डू और छिनौली में कांग्रेस कार्यकताओं ने पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया के नेतृत्व में कांग्रेस संकल्प पत्र की नीतियों के बारे में गाँववासियों को बताया। जनता से संवाद करते समय कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसानों को बताया कि हुड्डा सरकार आने पर किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। आईएमटी खरखौदा में खरखौदावासियों को रोजगार में प्राथमिकता दी जाएगी। जिससे खरखौदा के युवाओं को रोजगार के लिए गुडगाँव, फरीदाबाद या किसी ओर औधोगिक क्षेत्र में नही भटकना पड़ेगा बल्कि खरखौदावासियों को खरखौदा में ही रोजगार मिल जाएगा। जिससे

**एमएसपी..**

**8 किसानों को बताया कि हुड्डा सरकार आने पर किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाएगी**

खरखौदावासियों की यातायात खर्च के साथ-साथ, समय और ऊर्जा की भी बचत होगी। इस दौरान पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पीसीसी डेलीगेट जोगिंद्र दहिया, युवा कॉंग्रेस महासचिव के साथ कांग्रेस कार्यकताओं ने घर-घर जाकर कांग्रेस पार्टी के संकल्प पत्र और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। इसके साथ युवा हलका कॉर्डिनेटर अभय दहिया के नेतृत्व में युवाओं ने लोगों की राय जानी और विद आईवाईसी ऐप के माध्यम से जनता की आवाज को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने का काम किया। इस दौरान गाँवों की गलियों में बूढ़ा- बुढ़िया को12 हजार पेंशन देने के नारे लगाये गए और बुजुर्गों को 6 हजार बुढ़ापा पेंशन देने की नीति के बारे में बताया। जिस पर बुजुर्गों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस घर मे 2 बुजुर्ग हैं उस घर की तो तनख्वाह का जुगाड़ हो जाएगा। जिससे बुजुर्गों का मान सम्मान भी बढ़ेगा। कांग्रेस कार्यकताओं ने गाँव की गलियों में घर घर जाकर कांग्रेस पार्टी के संकल्प पत्र वितरित किए और संकल्प पत्र की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया। गैस सिलेंडर 500 रुपये होने की नीति के बारे में गृहणी महिलाओं को बताया।

## न्यूज फ्लैश

### कुंडली में कार पेंटर की बाइक व 50 हजार रुपये चोरी

**सोनीपतः कुंडली थाना** क्षेत्र में कार पेंटर की बाइक व 50 हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके।
शामली यूपी निवासी सारिक ने बताया कि वह कार पेंटर का काम करता है। वह काम के लिए अपनी बाइक पर टीडीआई में आया हुआ था। उसने मोटरसाइकिल में कागजात व पचास हजार रुपये रखे हुए थे। उसने बाइक को पार्क के बाहर खड़ी करके दोस्तों के साथ अंदर चला गया। उसके बाद चाबी को जाकेट में रख लिया। उसके बाद जॉकेट को साइड में रखकर खेलने लगे। किसी ने उसकी जॉकेट से चाबी निकालकर बाइक व पचास हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बाइक की तलाश करता रहा, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी दीपक ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द से चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### रोडवेज सोनीपत डिपों में छह नई बसें हुई शामिल, चार कंडम घोषित

**सोनीपतः रोडवेज** विभाग की तरफ से सोनीपत डिपों के लिए छह नई बसों की सौगात देने का काम किया है। ताकि जिला वासिसों को रोडवेज विभाग की लॉरी में बेहतर यात्रा मिल सके। वहीं सालों से सड़कों पर दौड़ रही चार बसों को विभाग की तरफ से कंडम घोषित किया है। विभाग की तरफ से जिले से अलग-अलग जिलों व प्रदेशों के लिए रोडवेज की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। बता दें कि सोनीपत डिपों में मौजूदा हाल में विभाग से मिली कुल 103 बसें लोगों को गांव से लेकर दूसरे जिलों सहित प्रदेशों की यात्रा करवा रही थी। वहीं डिपों में 32 बसे किलो मीटर स्कीम के तहत तैनात है। विभाग की तरफ से सोनीपत डिपों के लिए छह नई बसों की सौगात देने का काम किया है। उक्त बसों को अलग-अलग रूटों पर तैनात किया जायेगा। ताकि रोडवेज की लॉरी में सफर करने वालों यात्रियों का सफर बेहत्तर हो सके। वहीं बेड़े में शामिल चार बसों का सड़क पर दौड़ने का कार्यकाल पूरा होने के चलते उन्हें कंडम घोषित किया गया है।

### घर से बिजली की तारे चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत के मुरथल रोड पर स्थित मकान से बिजली की तारें चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
सेक्टर-14 निवासी मोहित कुमार ने बताया कि उसका मुरथल रोड पर गली नंबर पांच में मकान है। चोरों ने पड़ोस की दुकान की छत से चढ़कर मकान के अंदर रखी कंपनी की तारों को चोरी कर लिया। उसके बाद धरातल पर लगे सीसीटीवी को ले गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई संजय ने बताया कि मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### एसआरके स्किल सेंटर गनौर में लगाया रक्तदान शिविर

**सोनीपतः जनहित** अभियान फाउंडेशन के द्वारा एसआरके स्किल सेंटर गनौर में लगाया रक्तदान शिविर। इस अवसर पर सेंटर के निदेशक जोगिंदर राजपूत ने स्वय रक्तदान करके शिविर का उदघाटन किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज के रक्तदान शिविर में 61 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर समाजसेवी संस्था सेवा ट्रस्ट यू-के (इंडिया) से सुरेश वत्स ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी को इम्यूनिटी बूस्टर किट भेंट की। सहयोगी सुदेश भंडारी चेरिटेबल ट्रस्ट,स्टेट अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह,पहलवान हवा सिंह अंतिल,मास्टर पूर्ण, जसवीर अहलावत,एसआरके सस्थान संचालिका स्वाति मेम रक्तदाताओं को जूस भेट की।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहाना पर मिलेगी 24 घंटे प्रसूति सेवाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सोनीपत-गोहाना रोड** पर गांव मोहाना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को विभाग की तरफ से अपग्रेड किया गया है। केंद्र पर विभाग की तरफ से प्रसूति सेवाओं को 24 घंटे के लिए शुरू कर दिया है। प्रसूति सेवाएं शुरू होने से आसपास के गांव के ग्रामीणों को स्वास्थ्य का लाभ मिल सकेगा। वहीं मोहाना वासियों को दूसरे केंद्रों पर भाग दौड़ नहीं करनी पड़ेगी।
बता दें कि गांव मोहाना में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से प्राथमिक केंद्र स्थापित किया गया था। अब तक केंद्र पर दिन के समय ही प्रसूति सेवाएं मुहैया करवाई जा रही थी।

> प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 24 घंटे प्रसूति केंद्र चालू करने की मांग की जा रही थी। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चालू कर दिया है। विभाग की तरफ से जिले में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। ताकि किसी को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटकना न पड़े।
> **डा. जयकिशोर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी।**

वहीं गांव में दो ब्लॉक समिति है। गांव मोहाना में आबादी करीब 8000 हजार है। वहीं आसपास के गांवों को मिलाकर केंद्र पर 40 हजार की आबादी आती है। हाल के दिनों में मोहाना गांव के आसपास औद्योगिक क्षेत्र बढ़ता जा रहा है। जिसमें प्रवासी श्रमिक क्षेत्र में काफी संख्या में रहने लगे है। जिसके चलते विभाग की तरफ से केंद्र पर प्रसूति सेवाओं को 24 घंटे का किया गया है। ताकि क्षेत्र में डिलिवरी के लिए आने वाली महिलाओं को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**लंबे समय से कर रहे थे ग्रामीण मांगः** गांव मोहाना निवासी युजवेंद्र ने बताया कि मोहाना पीएचसी के अंतगर्त पिनाना, सलीमसर माजरा, गुहणा, जाजी, माछरी, तिहाड़ समेत दर्ज गांव आते है। वहीं सड़क मार्ग पर गांव पर टोल भी बन रहा है। आपातकालीन स्थित में स्वास्थ्य केंद्र पर सुविधाओं को बढ़ाने की दरकरार थी। वहीं केंद्र के अंतकर्त आने वाले गांवों की गर्भवती महिलाओं को रात के समय डिलिवरी की सुविधा नहीं मिल रही थी। रात के समय गर्भवती महिलाओं को सीएचसी जुआं व खानपुर कलां स्थित महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ले जाया जा रहा था। ग्रामीण लंबे समय से सरकार से केंद्र पर सुविधा देने की मांग कर रहे थे। सरकार व विभाग की तरफ से ग्रामीण की मांग को पूरा किया गया है, जोकि काबिले तारीफ है।

# राशन डिपो में मिलने वाले बाजरे को खरीदने वाले तीन युवक पकड़े

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः शहर** थाना क्षेत्र में खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रण विभाग ने बीपीएल परिवारों से सरकारी राशन खरीद रहे तीन आरोपितों को पकड़ा है। वह गांव-गांव जाकर राशन सस्ते दामों पर खरीद लेतो थे। आरोपितों के पास से राशन भी बरामद किया गया। खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नवीन पालीवाल ने पुलिस को बताया कि सूचना मिली थी कि इदगाह कॉलोनी में बीपीएल परिवारों से राशन खरीद कर गाड़ी में भरा जा रहा है। जिस पर टीम गठित कर वो मौके पर पहुंचे तो वहां लोगों से खरीद कर गाड़ी में रखे गए बाजरे के 14 कट्टे बरामद किए। वहां मौजूद युवक ने अपनी पहचान गढ़ी उजाले खां निवासी यासीन, ककाना निवासी शाबिर, और उत्तर प्रदेश के बागपत निवासी खलील के रूप में हुई है। आरोपित अनाज खरीदने संबंधित कोई लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर पाए। पूछताछ में बताया कि उन्होंने अनाज इदगाह कालोनी और अन्य गांवों से खरीदा है। आरोपितों के खिलाफ अवैध भंडारण का मामला दर्ज कर लिया है।

# 'वोट लिया हरियाणा में रोजगार दे रहे हैं लड़ाई के मैदान में'

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखाः हरियाणा सरकार** ने युवाओं को बरगला कर रोजगार देने के नाम पर वोट तो लिया, लेकिन प्रदेश को बेरोजगारी में पूरे देश में नम्बर वन बन डाला। आज हरियाणा में जब भी युवा रोजगार की बात करते हैं तो उन्हें इजराइल में रोजगार देने का प्रलोभन दिया जाता है जहाँ फिलहाल युद्ध चल रहा है। हरियाणा सरकार न केवल प्रदेश में युवाओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है बल्कि उनकी ज़िंदगी भी खतरे में डाल रही है। यह कहना था हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा का। श्री बुद्धिराजा शनिवार को समालखा में चाँद गार्डन से लेकर पुराना बस अड्डा तक यूथ कांग्रेस द्वारा निकाले गए विशाल मशाल जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे। युवाओं को संबोधित करते हुए श्री बुद्धिराजा ने कहा कि हरियाणा बेरोजगारी में पूरे देश में पहले स्थान पर है। बीजेपी जेजेपी सरकार निरंतर प्रदेश के युवाओं के साथ अन्याय कर रही है। सरकार ने उएळ ग्रुप सी की 32,000 एवं ग्रुप डी की 13,536 भर्तियों को 2021 से लंबित रखा है। नतीजों को एक साथ घोषित न कर धांधली की गई है। तीन साल में केवल एक बार उएळ लेने से लाखों अभ्यथीर्यों को परीक्षा देने से वंचित रखा गया है।

# किसान की 60 एकड़ पराली में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सोनीपत के** गांव चिटाना में किसान के खेत में रखी पराली में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। किसान का आरोप है कि खेत में करीब 60 एकड़ की पराली इक्ट्ठी की हुई थी। उसके खेत के ऊपर से बिजली विभाग ने बिजली की लाइन लगा रखी है। जिसकी तारें ढीली होने के चलते स्पार्किंग हो गई। उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। गांव चिटाना निवासी मोनू ने बताया कि वह खेती बाड़ी के साथ-साथ पराली का व्यापारी है। धान के सीजन के दौरान वह आसपास के गांवों से पराली

> चिटाना गांव में पराली में आग लगने की सूचना मिली थी। विभाग की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। जिसके बाद कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया। देर रात तक दो गाड़ियों को मौके पर खड़ी किया गया था। ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्य शुरु कर दिया जाए।
> **राजेंद्र सिंह दहिया, जिला दमकल अधिकारी।**

खरीदकर अपने खेत में इक्ट्ठी कर लेते है। उसके बाद उसे समय-समय पर बेचता है। उसने जुआं, ट्राली, चिटाना, रोलद, माहरा, बोहला, सरगथल, कांसडी, खानपुर, दोदवा, माच्छरी, करेवड़ी, रतनगढ़ सहित अन्य गांवों से कई सौ एकड़ की पराली खरीदी थी। जिसे खेत में स्टॉक किया हुआ था। पीड़ित ने बताया कि उसके खेत ऊपर से बिजली निगम द्वारा लाइन लगा रखी है। जिसकी तारों को ढीली छोड़ रखा है। लाइन में स्पार्किंग होने के कारण चिंगारी पराली पर गिर गई। जिसके चलते आग लग गई। उसकी 60 एकड़ की पराली जलकर राख हो गई। उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

# कन्या भ्रूण हत्या की सूचना देने पर मिलेगा 1 लाख का इनाम

**सोनीपतः उपायुक्त डॉ० मनोज** कुमार ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या करने व करवाने वालों की सही सूचना देने वालों को सरकार द्वारा एक लाख रुपये तक का इनाम दिया जाएगा। ऐसी सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार व प्रशासन की ओर से कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। पति/परिवार के सदस्य या लिंग चयन के लिए उकसाने वाले व्यक्ति के लिए एक्ट में पहले अपराध पर 50 हजार रुपए तक के जुमार्न के साथ 3 साल तक की कैद तथा इसके उपरांत पुनः अपराध करने पर एक लाख रुपए तक जुर्माने के साथ 5 साल तक की कैद का प्रावधान एक्ट में किया गया है।

# स्कूल से निकलते समय छात्र की बेरहमी से हत्या

## गिरफ्तार आरोपितों ने पांच आरोपित नाबालिग, अदालत में पेश, अदालत ने नाबालिग आरोपितों को बाल सुधार गृह में भेजा, जबकि एक आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः मोहाना थाना** क्षेत्र के गांव जुआं में स्कूल से घर जा रहे छात्र की चाकू गोदकर बेरहमी से हत्या करने की वारदात में शामिल छह आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित मोहित निवासी जुआं सहित पांच अन्य आरोपित नाबालिग है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से नाबालिग आरोपितों को बालसुधार गृह में मधुबन भेज दिया। वहीं छटे आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से गंभीरता से पूछताछ की जा रही है। ताकि वारदात में प्रयुक्त हथियार व अन्य की संलिप्ता की जानकारी मिल सके।

गांव जुआं निवासी संदीप ने गत 17 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उनका चचेरा भाई अक्षित (16) गांव के राजकीय स्कूल में दसवीं कक्षा का छात्र था। वह दोपहर करीब ढाई बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह स्कूल के गेट के पास पहुंचा तो उसके सहपाठियों व उनके दोस्तों ने अक्षित को पकड़ लिया। उन्होंने उसकी डंडे से पिटाई करने के साथ ही धारदार हथियारों से भी अक्षित पर हमला कर दिया। अक्षित की गर्दन, छाती व सिर में भी वार किए गए। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य बाहर आए तो हमलावर अक्षित को अधमरा कर भाग निकले। हमले में अक्षित बुरी तरह से घायल हो गया। उन्हें तुरंत महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर ले जाया गया। जहां पर अक्षित को मृत घोषित कर दिया। शिकायकर्ता ने हत्या का आरोप गांव के ही लड़कों पर लगाया था। जिन पर हत्या का आरोप लगा है वह भी नाबालिग बताए जा रहे थे। बताया गया कि अक्षित की तीन दिन पहले कक्षा कक्ष में ही सहपाठियों से मामूली कहासुनी हो गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। शाम को गांव जुआं में एफएसएल की टीम ने पहुंचकर सबूत जुटाए है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। जुआं गांव में छात्र की हत्या करने के छह आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। पांच आरोपित नाबालिग है।

# तेज रफ्तार कार ने दो को चपेट में लिया, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः कुंडली** थाना क्षेत्र गांव दहिसरा के पास तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल सवार दो श्रमिकों को चपेट में ले लिया। हादसे में घायल दोनों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से एक की हालत नाजुक होने के चलते सोनीपत नागरिक अस्पताल में रेफर कर दिया। चिकित्सक ने अस्पताल में पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस कार चालक की तलाश कर रही है।बुराड़ी दिल्ली

**हादसा**

**8 मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द किया**

निवासी विनोद कुमार ने बताया कि वह कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में नौकरी करता है। उसके साथ कंपनी में रविंद्र सिंह तोमर (51) भी नौकरी करता है। गत 23 फरवरी को दोनों डयूटी खत्म होने के बाद देर शाम रविंद्र की मोटरसाइकिल पर घर लौट रहे थे।

# 'परीक्षा केंद्रों में अनियमिता बरतने वाले अधिकारियों पर होगी एफआईआर'

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः राष्ट्र** के निर्माण में शिक्षक का अहम योगदान रहा है । राष्ट्र की प्रगति का पता वहां की शिक्षा के प्रतिशत से पता चलता है। हमें शिक्षा को मूल्यवान बनाने के लिए अथक प्रयास करने की जरूरत है। यह बात उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जीटीरोड़ स्थित सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रविवार को सेंटर अधीक्षकों ,खंड शिक्षा अधिकारियों ,बीआरसी की बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को नकल रहित परीक्षा कराने की शपथ भी दिलाई व अपने छात्र जीवन के कुछ संस्मरण भी केंद्र अधीक्षकों के समक्ष रखें।



इस मौके पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पानीपत में एक भी यूएमसी नहीं बनेगा यह हम सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त ने कहा कि जो अधिकारी व कर्मचारी नकल रहित परीक्षा करवाने में रोड़ा बनेंगे उनके खिलाफ तुरंत प्रभाव से एफआईआर दर्ज की जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि बच्चों के भविष्य को लेकर गंभीरता से कार्य करना होगा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ,भिवानी की 10 वीं व 12 वीं की 27 फरवरी से प्रारंभ हो रही परीक्षाओं को नकल रहित करवाना एक चुनौती पूर्ण कार्य जरूर है लेकिन हमारी बड़ी जिम्मेदारी बनती है । उपायुक्त ने केंद्र अधिक्षकों को अपना मोबाइल नंबर भी शेयर किया व आश्वासन दिया कि उनकी एक सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। पूरा प्रशासन उनके साथ है। जिले में पूरी तरह नकल पर नकेल कसी जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि दसवीं व 12 वीं की 27 फरवरी को आयोजित की जा रही बोर्ड की इन परीक्षाओं को पूरी तरह से नकल मुक्त किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया ने बताया कि 10 वी व 12 वीं की परीक्षाओं को नकल मुक्त करने को लेकर सभी अधिकारी व कर्मचारी तैयार हैं ।बच्चों के लिए परीक्षा केंद्र में बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है। लाइट पानी से लेकर शौचालय तक का ध्यान रखा गया है। पुलिस कर्मचारी केंद्र के आसपास रहेंगे।
जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि बोर्ड की परीक्षाओं में 15 हजार 447 विद्यार्थी दसवीं की, 11 हजार 725 विद्यार्थी 12 वी कक्षा की परीक्षा देंगे। ज़िले में 73 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ।इन पर 73 केंद्र अधीक्षकों की नियुक्ति की गई है। हर केंद्र पर दो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। शिक्षा का समय 12:30 से 3:30 तक निर्धारित किया गया है। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया विजेंद्र हुड्डा,मनीष गुप्ता, नीलम कुंडू बीआरसी विक्रम ,नरेश शेरावत प्रिंसिपल डॉक्टर रविंद्र प्रिंसिपल रणधीर जागलान प्रिंसिपल नेहा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः मेडिकल कैंप** - समाज सेवा समिति सोनीपत द्वारा आज मुफ्त आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन समिति के शाखा कार्यालय सेवा सदन कबीरपुर में आयोजित किया गया। इस कैंप के मुख्य अतिथि प्रवीण वर्मा - वर्मा पैथ लैब सोनीपत द्वारा तथा डॉक्टर गुंजन नैन एमबीबीएस एमडी ने शिरकत की। इस कैंप में आंख, चर्म रोग, हिचकी आना, नसों के रोगी तथा शरीर के सब प्रकार के दर्द एवं अन्य कई बीमारियों की जांच की गई। प्रत्येक रोगी को 3 दिन की दवाई भी समिति द्वारा मुफ्त दी गई। इस कैंप में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य जांच कर्ता डॉक्टर आर एल बटेजा तथा वैध लेखराज नासा द्वारा 92 रोगियों की 2-3 रोगो की जांच की गई और दवाई दी गई । समिति के प्रेस



प्रवक्ता सुरेंद्र सेठी एवं प्रभारी अविनाश सेठी ने संयुक्त रूप से बताया की समिति द्वारा सेवा सदन में आयुर्वेदिक औषधालय प्रातः 10 बजे से 12 बजे तथा साय 4 से 6 बजे डिस्पेंसरी चलाई जाती है । जरूरतमंद महिलाओं के लिए मुफ्त सिलाई मशीन प्रशिक्षण केंद्र साढे चार से 6:00 बजे , रिश्ते नाते सेवा - मोहनपुरा झंडी रोड तथा सेवा सदन कबीरपुर में प्रातः 10 से 12:00 बजे साय 5:30 से 6:00 बजे। इसके अलावा सेवा सदन के विशाल हाल में प्रतिदिन प्रातः 5 से 6:30 बजे योग की कलासें लगाई जाती हैं। एक डिस्पेंसरी शिव वाटिका मंदिर नंदवानी नगर में 9 से 11:00 बजे, महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र आर्य समाज शांति नगर में साय चार से 6:00 बजे समिति की ओर से बेटियों को स्वालंबी बनाने के लिए सिलाई सैन्टर चलाया जाता है।

# मॉडल टाउन: शक्ति वंदन कार्यक्रम का हुआ आयोजन












**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल टाउन विधानसभा** क्षेत्र में शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम को आयोजन दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष लता गुप्ता, जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह की अध्यक्षता किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष लता गुप्ता, चांदनी चौक से जिला अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, वार्ड-68 से स्थानीय निगम पार्षद विकेश सेठी, संगम पार्क वार्ड नंबर-67 से सुशील जोंटी, कमला नगर वार्ड-69 से रेणु अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष सुभाष असडी मोजूद रहें। वहीं कार्यक्रम संयोजिका संजना व संयोजक संजय मित्तल रहें।

इसके साथ ही महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष,सीमा निगम, जिलामंत्री रश्मी बजाज, सारिका श्रीवास्तव,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गीता सक्सेना, मॉडल टाउन विधान सभाप्रभारी,नरेंद्र गुप्ता, संगम पार्क मण्डल अध्यक्ष वीरपाल, वरिष्ठ अतिथि जोगी राम जैन,हरीश असडी, संगीता मोंगा,जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्ष संजना,मीनू जयसवाल,सुमन गर्ग,रेखा शर्मा,मणि असडी,शेफाली मनचंदा,अनिता ठाकुर,रंजना सिंह, शशि चावला,बीना,वंदना,लता ठाकुर,पूजा कपूर सहित अन्य गणमान्य लोग मोजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी किस प्रकार से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाएं चला रहे हैं उनके बारे में जानकारी दी। इसी मौके पर निगम पार्षद विकेश सेठी ने कहा कि जो भी निर्धन महिलाएं क्षेत्र में अपना रोजगार करना चाहती है तो उसके लिए आर्थिक सहायता मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के तहत उपलब्ध करवाई जाएगी।

## 'केजारीवाल सिख नरसंहार के आरोपियों को सांसद बनाने में तुले'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा के राष्ट्रीय** सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर 1984 के सिख नरसंहार के दोषियों को दिल्ली से सांसद बनाने की इच्छा रखने का आरोप लगाते हुए कहा है कि आप नेता राजनीतिक और पैसों की ताकत हांसिल करने के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं। यहां जारी एक बयान में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि यह दिल्ली व पंजाब के सभी शांति और न्यायप्रिय लोगों के लिए आश्चर्य की बात है कि अरविंद केजरीवाल ने सत्ता में आने पर 1984 के सिख नरसंहार मामलों के आरोपियों को कारावास और फाँसी दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने अपने पहले चुनाव में कांग्रेस पार्टी को हराकर सत्ता का स्वाद चखा था, लेकिन इसके लिए उन्होंने कांग्रेस पार्टी के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजधानी में पहली सरकार बनाई। सरदार सिरसा ने कहा कि इसके बाद केजरीवाल ने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।

## कार्डियक अरेस्ट: अभियान चलाकर लोगों को किया गया जागरूक





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: चौ सोहनलाल संतोष** चैरिटेबल ट्रस्ट व आनकोपल्स हस्पताल के द्वारा कार्डियक अरेस्ट के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए एक कैम्पेन की शुरूआत डिफेंस कालोनी स्थित आनकोपल्स अस्पताल से की गई। जिसके तहत आस-पास के लोगों को बेसिक लाईफ सपोर्ट व फर्स्ट एड की ट्रेनिंग डाक्टर दीक्षित कुमार व डाक्टर गणेश द्वारा दी गई।

उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि सीपीआर एक ऐसी इमर्जेंसी मेडिकल टेक्निक है जिसके जरिए किसी व्यक्ति की सांस या दिल के रूक जाने पर उसकी जान बचाई जा सकती है, जब किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद कर देता है तो उसे कार्डियक अरेस्ट होता है। कार्डियक अरेस्ट के दौरान ह्दय मस्तिष्क और फेंफड़ों सहित शरीर के बाकी हिस्सों में खून पंप नही कर पाता है उपचार के बिना मिनटों में ही मृत्यु हो सकती है। सीपीआर में मरीज की छाती पर दबाव बनाया जाता है जिससे ब्लड फ्लो को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के चेयरमैन संजय कुमार द्वारा किया गया।

## मॉडल टाउन: मन की बात कार्यक्रम में सैंकड़ों लोगों ने सुना मोदी को






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर-68 स्थित राजपुरा गुड़ मंडी के बूथ नंबर 59 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना गया। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता व बूथ पालक हरीश असडी, मनोज पाल, मंडल मंत्री श्वेता जैन, सहित पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी भी मोजूद रहे। इस मौके पर हरीश असडी ने कहा कि पीएम मोदी के लिए देश पहले है व मोदी जी का सपना है कि देश को सबसे ताकतवर व विकासशील देश बनाया जाए, जिसके लिए वह हमेशा ही प्रयासरत रहते हैं। वहीं उन्होनें यह भी कहा है कि मोदी सरकार देशहित में ही निर्णय लेती है, व लोगों की तरक्की हो और देश प्रत्येक प्रकार से आगे बढ़ता रहे इसके लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है।

## शिवरात्रि की तैयारी में जूटी महाकाल श्री शिव शक्ति डाक कांवड़ सेवा समिति



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: महाशिवरात्रि को** लेकर जोर-शोरों से तैयारियों की जा रही है। इसी कड़ी में दिल्ली में स्थित रमेश नगर के महाकाल श्री शिव शक्ति डाक कांवड़ सेवा समिति महाशिवरात्री के उपलक्ष्य में एक बड़ा आयोजन करने जा रही है। समिति की ओर से नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा को शिव पटका पहनकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर पम्मा ने बताया कि 8 मार्च को एक विशाल शिव बारात व भजन का आयोजन किया जाएगा। आपकी जानकारी के लिए बतादें कि कार्यक्रम में गायक मनी लाडला पंजाब, आलोक कृष्ण वृंदावन, दीपक राणा, अक्की स्टार मुंबई, द्वारा भजनों का गायन होगा, वहीं इसी मौके पर विभिन्न झांकियों के साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

# नरेला: श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में उमड़े सैंकड़ों श्रद्धालु






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: नरेला के सफियाबाद रोड** स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में श्री सांवरिया सेवक मंडल नरेला की ओर से द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। संकीर्तन में भजन गायको ने भजनों की ऐसी रसधारा बहाई की श्रद्धालु पूरी रात झूमते रहे। इस दौरान महिलाओं ने भक्ति भाव में खोकर जमकर नृत्य किया। संकीर्तन पश्चात आयोजित भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। बाहरी दिल्ली के नरेला में सफियाबाद रोड स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को श्री सांवरिया सेवक मंडल की ओर से द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य एवं अलौकिक दरबार सजाया गया। श्रृंगारित दरबार के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। श्री श्याम महोत्सव में भजन गायको रितु पांचाल, वैष्णवी शर्मा, प्रिंस जैन, शुभम रिठालिया, शिवम वर्मा ने बाबा खाटू श्याम के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए और भजनों की ऐसी रस धारा बहाई की श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। इस दौरान महिलाओं ने भक्ति भाव में खोकर जमकर नृत्य किया। शाम 7 बजे शुरू हुए संकीर्तन में श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। इस दौरान श्याम बाबा की जय खाटू वाले की जय, तीन बाण धारी की जय के जयकारों से पूरा पांडाल गूंज उठा। श्याम संकीर्तन में अलौकिक श्रृंगार, श्याम रसोई, छप्पन भोग, अखंड ज्योति, पुष्प वर्षा आकर्षण का केंद्र रहे। देर रात तक चले संकीर्तन का समापन महाआरती के साथ हुआ। इसके पश्चात श्याम रसोई में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। संकीर्तन में सांवरिया से सेवक मंडल से सोनू नाई, रणवीर सिंह, अजय कुमार, सतवीर खत्री, महावीर सिंह, बालकिशन, महेंद्र सिंह, सचिन खत्री, अशोक खत्री ,विशाल ठाकुर, सूरजमल खत्री, कृष्णा खत्री, विष्णु भारद्वाज ,विपिन गर्ग, मोहित गुप्ता, सुनील खत्री, संजय खत्री, पवन खत्री, अनूप गर्ग, भानु खत्री, राजेश खत्री, जितेंद्र सेठी, तरुण, कुलदीप, करण, सागर, सोनू, विकास बंसल, अविनाश गर्ग, वीरेंद्र कौशिक,रिशु, प्रदीप भारद्वाज, अमित पांचाल, मोहित गौतम, अंकित सक्सेना, रजत शर्मा, चिराग खुराना, विजय कौशिक, बंटी गर्ग, दिनेश, शक्ति खत्री, शालिकाअग्रवाल, प्रतीक बंसल, महावीर, पारस जैन, मोनू, रोहित प्रजापति, एसपी जून, हरिओम, अमित बंसल, पंकज खत्री, गौरव शुक्ला सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 26 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

## फास्ट न्यूज

### रूपये की डिमांड पूरी नहीं करने पर प्रेमिका का गला काटा, भर्ती

**धनबाद: पैसों की** डिमांड पूरा नहीं होने से नाराज प्रेमी ने प्रेमिका का गला रेतकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। फिलहाल युवती गंभीर स्थित में धनबाद के एसएनएमएमसीएच में इलाजरत है। मामला धनबाद के धनसार थाना क्षेत्र स्थित बरमसिया का है। बताया जाता है कि धनबाद के केंदुआडीह पांच नंबर में रिश्तेदार के यहां रहने वाली प्रियंका कुमारी पिछले चार वर्षों से धनबाद के बरमसिया का रहने वाले एक युवक सूरज यादव जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला है, उससे प्यार करती थी। इस बीच कुछ ऐसा हुआ, जिससे युवती का प्यार से भरोसा उठ गया। अस्पताल में इलाजरत पीड़ित युवती ने कहा कि उसके कथित प्रेमी ने उसे रविवार की सुबह बरमसिया मिलने के लिए बुलाया था। उसके प्रेमी को पता था कि युवती के बैंक खाते में चार लाख रुपये जमा हैं। उसी चार लाख रुपये की वह मांग कर रहा था। पीड़ित के मुताबिक आज सुबह भी उसने रुपये की डिमांड की। युवती ने जब रुपये देने से साफ मना कर दिया तब गुस्से उसके प्रेमी ने धारदार हथियार से उसका गला रेत कर उसकी जान लेनी चाही लेकिन वह किसी तरह मौके से भाग कर जान बचाई। पुलिस युवती के बयान पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

### राष्ट्रपति के रांची दौरे के मद्देनजर उपायुक्त ने विधि व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के दिए निर्देश

**रांची: उपायुक्त** राहुल कुमार सिन्हा ने 28 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची में प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था एवं शांति-व्यवस्था को लेकर संबंधित सभी अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। विधि-व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने शनिवार देर रात दिए आदेश में कहा कि हवाई अड्डा मुख्य गेट पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी का दायित्व होगा कि हवाई अड्डा के अन्दर सिर्फ उन्हीं व्यक्तियों को डीएफएमडी गेट से जाने देंगे जिनके पास जिला प्रशासन की ओर से निर्गत पास हो। हवाई अड्डा के बाहर भीड़ नहीं एकत्रित हो तथा कोई भी अनाधिकृत वाहन की पार्किंग नहीं होने पाए। एकत्रित जनसमूह को हवाई अड्डा से कार्यक्रम स्थल जाने वाली सड़क के दोनों किनारे 10 फीट की दूरी पर रखेंगे। साथ ही सड़क के दोनों तरफ वाहनों को भी खड़ा नहीं होने देंगे। थाना प्रभारी भी अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। गश्ती दल का मुख्य दायित्व यह रहेगा कि वे राष्ट्रपति के आगमन से पूर्व तथा उनके प्रस्थान तक सम्पूर्ण हवाई अड्डा के बाहरी क्षेत्रों में लगातार गश्ती करते रहेंगे और असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखेंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश हवाई अड्डा के प्रतिबंधित क्षेत्र में न हो।

# 'समाज और देश के लिए नुकसानदायक है नशे की लत'

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को युवाओं में नशीली दवाओं के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त की और कहा कि नशे की लत से समाज को भारी नुकसान होता है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित अश्वमेध यज्ञ में शिरकत की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने नशीली दवाओं के खतरे पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नशे की लत से समाज और देश को भारी नुकसान होता है पीएम मोदी ने अश्वमेध यज्ञ को संबोधित करते हुए कहा कि गायत्री परिवार का कोई भी आयोजन इतनी पवित्रता से जुड़ा होता है कि उसमें शामिल होना अपने आप में सौभाग्य की बात होती है। मुझे खुशी है कि देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अश्वमेध यज्ञ का हिस्सा बन रहा हूं।

**महाअभियान बन चुका है अश्वमेध यज्ञ- पीएम मोदी**

उन्होंने कहा- 'आज गायत्री परिवार का अश्वमेध यज्ञ सामाजिक संकल्प का एक महाअभियान बन चुका है। इस अभियान से लाखों युवा नशे और व्यसन से कैसे बचेंगे, उसकी एक असीम ऊर्जा राष्ट्र के निर्माण में काम आएगी। युवा ही हमारे राष्ट्र के भविष्य हैं।'

**पीएम मोदी ने जताई चिंता:** प्रधानमंत्री ने नशे की लत को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि नशा एक ऐसी लत होती है जिस पर काबू नहीं पाया गया तो वो उस व्यक्ति का पूरा जीवन तबाह कर देती है। इससे समाज का, देश का बहुत बड़ा नुकसान होता है। इसलिए ही हमारी सरकार ने 3-4 साल पहले एक राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की थी। जो अब तक लगभग 11 करोड़ लोगों तक पहुंच चुका है।

**'आज विकसित भारत के लक्ष्य पर काम कर रहा है देश':** उन्होंने कहा कि हम अपने देश के युवा को जितना बड़े लक्ष्य से जोड़ेंगे, उतना ही वो छोटी-छोटी गलतियों से बचेंगे। आज देश विकसित भारत के लक्ष्य पर काम कर रहा है। आज देश आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। नशा एक ऐसा खतरा है, जिस पर काबू नहीं पाया गया तो जिंदगियां तबाह हो जाती हैं। हमारी सरकार ने 3-4 साल पहले अखिल भारतीय नशामुक्ति अभियान शुरू किया था।



**'मेरा युवा भारत' से जुड़े डेढ़ करोड़ युवा: पीएम**

**प्रधानमंत्री** ने आगे कहा- 'देश की युवा शक्ति का पूरा लाभ उठाने के लिए सरकार ने भी मेरा युवा भारत नाम से बहुत बड़ा संगठन बनाया है। सिर्फ तीन महीने में ही इस संगठन से करीब-करीब डेढ़ करोड़ युवा जुड़ चुके हैं। इससे विकसित भारत का सपना साकार करने में सही उपयोग हो सकेगा।

**हम राष्ट्र निर्माण के अभियान में जरूर सफल होंगे- पीएम मोदी:** उन्होंने कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समय मैंने कहा था कि अब भारत की एक हजार वर्षों की नई भारत की यात्रा शुरू हो रही है। आज आजादी के अमृतकाल में हम उस नए युग की आहट देख रहे हैं। हम व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के इस अभियान में जरूर सफल होंगे।

**नशा मुक्त...**

8 हमारी सरकार ने 3-4 साल पहले एक राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की थी



र्जुनगंज में मरी माता मंदिर के पास हुए सड़क हादसे में घायलों को देखने और उनका हालचाल जानने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को केजीएमयू पहुंचे। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों से केजीएमयू के क्रेटिकल केयर मेडिसिन और क्रिटिकल केयर यूनिट में भर्ती मरीजों के इलाज से संबंधित जानकारी हासिल की।

### साजिश के तहत हेमंत सोरेन को भेजा गया जेल : विधायक बैद्यनाथ

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 11वें दिन रविवार को लातेहार जिलाध्यक्ष लाल मोतीनाथ शहदेव की अध्यक्षता में उपवास कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर मौजूद लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि एक साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है। केंद्र सरकार स्वतंत्र जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। झारखंड में चुनी हुई एक लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने का कुत्सित प्रयास किया गया। आगामी चुनावों में झारखंड की जनता इसका माकूल जवाब देगी।

## 'मन की बात' से मतदाता होंगे प्रभावित'



**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रायपुर विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले हर्षिल एन्क्लेव बूथ नम्बर-4 चाणक्य कॉलेज कैम्पस गुजराड़ा मानसिंह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 110वें एपिसोड को विशिष्ट जनों व एकत्रित जन-समूह के साथ सुना। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' से मतदाताओं का सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि एक बार पुनः प्रधानमंत्री ने अपने ओजस्वी विचारों से देशवासियों के हृदय को छूने का कार्य किया है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री ने ह्वमेरा पहला वोट देश के लियेह्व की बात कही है। निश्चित रूप से इससे नए मतदाता प्रोत्साहित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम सभी एक ऐसे कार्यक्रम का हिस्सा बने, जिसका नाम तो ह्यमन की बातह्व है लेकिन यह सही अर्थों में जन-जन की बात, देश के गौरव की बात, मां भारती के यशगान की बात तथा भारत के सम्मान की बात है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जिन भी विषयों को इस कार्यक्रम में शामिल किया वे सभी जनजागरण का एक सशक्त माध्यम बने और नागरिकों पर इनका अत्यंत सकारात्मक प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि हमारे उत्तराखंड की कई विभूतियों, पर्यटक स्थलों आदि को भी मन की बात में समय समय पर स्थान मिला, जिसके परिणामस्वरूप हमारे लोक संगीत और हमारी लोक संस्कृति से पूरे विश्व के लोग परिचित हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए लोगों का भरोसा जीता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सर्वांगीण और समावेशी विकास हुआ है। आज देश के अन्दर 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की गयी है, दिव्यांग जनों को सशक्त बनाया गया, लगभग 50 करोड़ जनधन खाते खोले गए।

**मन की बात**

8 'मन की बात' के 110वें एपिसोड को विशिष्ट जनों व एकत्रित जन-समूह के साथ सुना

### सांसद निशंक ने सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा के ग्राम मिश्रपुर में बूथ नंबर 89 पर पीएम के 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने के लिए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक पहुंच। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर उन्होंने अंबेडकर पार्क में पहुंचकर डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'मन की बात' के कार्यक्रम में दूर गांव में बैठे हुए लोगों की चिंता करते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से वह सभी व्यवसाय और अपने क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करते हैं।

## 'जल परमात्मा का वरदान, हमें इस अमृत की संभाल करनी है'

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के निर्देशन में अमृत प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण का शुभारम्भ हरिद्वार हर की पौडी से किया गया। बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित यह परियोजना समस्त भारतवर्ष के 27 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के 1533 से अधिक स्थानों पर 11 लाख से भी अधिक स्वंयसेवकों के सहयोग से एक साथ विशाल रूप में आयोजित की गई। हरिद्वार में हर की पौड़ी, घंटाघर, सुभाष घाट, रामघाट, सीसी टावर के आसपास, रोड़ी बेलवाला आदि क्षेत्रों की सफाई हरिद्वार, ज्वालापुर, मसाई कला, लाम मजाहिदपुर के स्वयं सेवको द्वारा की गई। लक्सर क्षेत्र में पश्चिम मुहानि बाण गंगा की सफाई लक्सर, शाहपुर, शेरपुर बेला, के निरंकारी स्वयं सेवको द्वारा की गई। संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में बाबा हरदेव सिंह की प्रेरणा से प्रोजेक्ट अमृत का आयोजन किया गया। इस वर्ष ह्यआओ संवारे, यमुना किनारेह्व के मूल संदेश द्वारा इस परियोजना को एक जन जागृति का रूप दिया। इस अवसर पर संत निरंकारी मिशन के सभी अधिकारी, गणमान्य अतिथि तथा हजारों की संख्या में स्वयंसेवक और सेवादल के सदस्य सम्मिलित हुए। संत निरंकारी मण्डल के मसूरी जोन के जोनल इंचार्ज हर भजन सिंह ने बताया कि प्रोजेक्ट अमृत के दौरान सुरक्षा के हर वैधानिक मापदण्ड का उचित रूप से पालन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी सेवादारों एवं आंगतुको के बैठने, जलपान, पार्किंग, एम्बुलेंस एवं मेडिकल सुविधाओं इत्यादि का समुचित प्रबंध किया गया। इस परियोजना में अधिक से अधिक युवाओं का सक्रिय योगदान रहा। श्री सुखीजा ने सूचित किया कि यह मुहिम केवल एक दिन की न होकर हर महीने भिन्न भिन्न घाटों व जल स्त्रोतों की स्वच्छता के साथ निरंतर चलती रहेगी। प्रोजेक्ट अमृत के दूसरे चरण का आरम्भ करते हुए निरंकारी राजपिता रमित ने सतगुरु माता जी से पूर्व अपने संबोधन में कहा कि बाबा हरदेव सिंह ने अपने जीवन से हमें यही प्रेरणा दी कि सेवा की भावना निष्काम रूप में होनी चाहिए न की किसी प्रशंसा की चाह में।



**निष्काम**

8 बाबा हरदेव सिंह ने अपने जीवन से हमें यही प्रेरणा दी कि सेवा की भावना निष्काम रूप में होनी चाहिए

## लोस चुनाव को लेकर धामी सरकार अलर्ट मोड पर, मिले 315 संदिग्ध

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार:** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत धामी सरकार अलर्ट मोड पर है। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में हल्द्वानी हिंसा से सीख लेते हुए प्रदेश भर में संदिग्धों पर पुलिस-प्रशासन की कड़ी नजर है। दून पुलिस ने रविवार को डोर-टू-डोर दस्तक दी तो कुल 315 संदिग्ध मिले, जिन्हें थाने लाकर पूछताछ की और 151 व्यक्तियों का चालान कर 41250 रुपये जुमार्ना लगाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह के निर्देश पर शहर से देहात तक विभिन्न संदिग्ध बस्तियों में पुलिस ने बृहद स्तर पर डोर-टू-डोर सत्यापन अभियान चलाया। रविवार को पांच घंटे तक चले सत्यापन अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीम ने पीएसी बल के साथ थाना क्षेत्रों में निवासरत किराएदारों, बाहरी जनपदों से कार्य करने आने वाले लोगों, रेहड़ी-ठेली वालों, स्क्रैप डीलर-कबाड़ियों समेत संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया। पुलिस टीम ने डोर-टू-डोर सत्यापन में कुल 5871 लोगों का सत्यापन कर उनकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित की।

इसके अलावा किराएदारों का सत्यापन न कराने वाले 908 मकान मालिकों के खिलाफ पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही कर 90,80,000 रुपये जुर्माना वसूला गया। 151 व्यक्तियों का चालान।



**कड़ी नजर**

8 ऐसे में हल्द्वानी हिंसा से सीख लेते हुए प्रदेश भर में संदिग्धों पर पुलिस-प्रशासन की कड़ी नजर है

### बनभूलपुरा हिंसा: मुख्य आरोपित की पुलिस को मिली 10 दिन की रिमांड

**टीम एक्शन इंडिया**

**हल्द्वानी:** हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य आरोपित अब्दुल मलिक को सेशन कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने मलिक को 10 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। कोर्ट ने अब्दुल मलिक को 6 मार्च तक पुलिस हिरासत में रखने की अनुमति दे दी है। इस अवधि में पुलिस अब्दुल से पूछताछ कर कई अहम जानकारियां हासिल करने की कोशिश करेगी, जिससे वह हिंसा करने में शामिल लोगों के नाम पता कर उन तक पहुंच सके और उनके मंसूबों के बारे में जाना सके। गौरतलब है कि आठ फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुई हिंसा के मुख्य आरोपित अब्दुल मलिक को उत्तराखंड पुलिस ने शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया था।

## भाजपा से डरकर कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से किया है गठबंधन: बिप्लब देब

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

**हरियाणा भाजपा** प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि भाजपा से डरकर कांग्रेस ने ऐसी पार्टी से गठबंधन कर लिया है जिसकी पूरी कैबिनेट जेल में बंद पड़ी है। उन्होंने कहा कि विनाशकाले विपरित बुद्धि, अब कांग्रेस के विनाश को कोई नहीं रोक सकता। बिप्लब देब रविवार को पलवल की अनाज मंडी में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। इसका आयोजन भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव गौरव गौतम ने किया था। भाजपा प्रभारी ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समाज सुधारक बताया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में व्यवस्था को पूरी तरह से बदला है और पूरे देश को तेज गति से विकास की राह पर लेकर चल रहे हैं। भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में भाजपा के सामने कांग्रेस की चुनाव लड़ने की हिम्मत ही नहीं रही, इसलिए अब उसने ऐसी पार्टी से हाथ मिला लिया है जिसके मंत्री भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद हैं।

विपक्ष की दूसरी पार्टियों पर हमला बोलते हुए बिप्लब देब ने कहा कि कुछ पार्टियां बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के नाम को वोट बटोरने के लिए इस्तेमाल कर रही है। बिप्लब कुमार देब कहा कि कांग्रेस काफी लंबे समय तक देश की सत्ता पर काबिज रही है, लेकिन देश के विकास और गरीबों के हितों के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा सिर्फ परिवार का विकास और भ्रष्टाचार करना रहा है।



## 'ज्वलंत मुद्दों को सूचीबद्ध करने में देरी न्याय की गुणवत्ता को करती है प्रभावित'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस मदन बी लोकुर ने कहा कि नोटबंदी, अनुच्छेद 370 जैसे ज्वलंत मुद्दों को सूचीबद्ध करने में लंबी देरी न्याय की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। साथ ही इस धारणा को भी बल मिलता है कि कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कहा कि मामलों को सूचीबद्ध करने में देरी की समस्या कोई नई बात नहीं है और यह बहुत लंबे समय से है खासकर सुप्रीम कोर्ट में। न्यायिक जवाबदेही और सुधार अभियान (सीजेएआर) द्वारा यहां आयोजित एक सेमिनार में उन्होंने कहा कि नोटबंदी, अनुच्छेद-370 और राजनीतिक फंडिंग के लिए चुनावी बांड जैसे मामले कई वर्षों के बाद सुनवाई के लिए शीर्ष अदालत में सूचीबद्ध किए गए। उन्होंने कहा- " नोटबंदी से संबंधित मुद्दा शायद चार या पांच साल बाद सूचीबद्ध हुआ। इसी तरह चुनावी बांड से संबंधित मुद्दा भी पांच साल बाद सूचीबद्ध हुआ।" दिसंबर 2018 में सेवानिवृत्त हुए जज ने कहा कि आज आम धारणा यह है कि यदि कोई मामला किसी विशेष पीठ के समक्ष भी जाता है तो उसका परिणाम भी यही होगा। न्यायमूर्ति लोकुर ने पूर्व जेएनयू छात्र और एक्टिविस्ट उमर खालिद के मामले का भी जिक्र किया, जिसने हाल ही में फरवरी 2020 में पूर्वोत्तर दिल्ली में हुए दंगों के साजिश के आरोप में आतंकवाद विरोधी कानून के तहत दर्ज मामले में शीर्ष अदालत से अपनी जमानत याचिका वापस ले ली थी।

**सूचीबद्ध**

8 नोटबंदी से संबंधित मुद्दा शायद चार या पांच साल बाद सूचीबद्ध हुआ: पूर्व न्यायाधीश जस्टिस मदन बी लोकुर

**कॉरिडोर** काशी-उज्जैन के बाद बनेगा तीसरा सबसे बड़ा कॉरिडोर, स महीने की शुरूआत में प्रधानमंत्री ने इस कॉरिडोर की आधारशिला रख दी

## 'दिव्य लोक': मां कामाख्या के परिसर का होगा कायाकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटी:** देश के खूबसूरत काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल कॉरिडोर के बाद अब मां कामाख्या मंदिर की बारी है। असम के गुवाहाटी में स्थित 51 शक्तिपीठों में शामिल मां कामाख्या देवी मंदिर अब 'दिव्य लोक' बनने जा रहा है। दरअसल, इस महीने की शुरूआत में प्रधानमंत्री ने इस कॉरिडोर की आधारशिला रख दी है। पिछले साल, राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मां कामाख्या कॉरिडोर कैसा दिखेगा इसकी एक झलक साझा की थी। मां कामाख्या दिव्य परियोजना को पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल योजना के तहत मंजूरी दी गई है। इस कदम का उद्देश्य राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देना भी है।



**वीडियो में दिखी कॉरिडोर की झलक:** मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर देश का तीसरा सबसे बड़ा कॉरिडोर बनने जा रहा है। काशी विश्वनाथ और उज्जैन महाकाल कॉरिडोर के बाद मां कामाख्या गलियारे का स्थान होगा। मां कामाख्या गलियारे की रूपरेखा बहुत पहले ही तैयार कर ली गई है, जिसकी पहली झलक असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक वीडियो पोस्ट कर दिखाई थी।

**बेहद खास होगा मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर:** कॉरिडोर का शुरूआती डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर लिया गया है, जिसके मुताबिक 15वीं शताब्दी के मंदिर को 21 सदी के हिसाब से तैयार किया जाएगा।

मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर को 498 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा।

कॉरिडोर के निर्माण के बाद मंदिर के चारों ओर ओपन स्पेस 3000 वर्ग फुट से बढ़कर लगभग 1 लाख वर्ग फुट हो जाएगा।

गलियारे की औसत चौड़ाई भी 10 फीट से बढ़ाकर 30 फीट की जाएगी। भविष्य में इस कॉरिडोर के आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए 3 एकड़ जमीन भी रिजर्व रखी जाएगी।

मां कामाख्या मंदिर कॉरिडोर में मुख्य मंदिर के साथ ही नीलांचल पर्वत पर स्थित कई और मंदिरों का भी विकास होगा।

मंदिर परिसर के अंदर वर्तमान में लगभग 4,000 श्रद्धालुओं की जगह है।

**गलियारा**

8 मां कामाख्या गलियारे की रूपरेखा बहुत पहले ही तैयार कर ली गई है :